# सरदार पटेल बौद्धिक विचार मंच का राष्ट्रीय सम्मेलन चार को'

## 'बु)िजीवी एप, पटेल चेतना रैली व आगामी रणनीति पर होगा विचार'
## 'शामिल होंगे देश भर से लगभग दो हजार प्रतिनिधि'

लखनऊ, 2 फरवरी (आरएनएस)। सरदार पटेल बौद्धिक विचार मंच की ओर से रविवार 4 फरवरी को राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सरदार पटेल और सामाजिक समरसता से जुड़े विभिन्न पक्षों पर राष्ट्रीय बुद्धिजीवी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस होगे।बौद्धिक विचार मंच के महामंत्री जगदीश शरण गंगवार ने बताया कि पटेल समाज की आबादी 12 प्रतिशत से अधिक है। ये ध्यान में रखते हुए सम्मेलन में सभी प्रदेशों के प्रतिनिधि, मुख्य रूप से पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, सेना के पूर्व अधिकारी, पूर्व एवं वर्तमान कुलपति, उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति, सांसद, विधान सभा व विधान परिषद सदस्य, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, सहकारी बैंको के अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, सभासद, उद्योगपति, अधिवक्ता, शिक्षाविद, वैज्ञानिक, समाज सेवी, समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और प्रोग्रेसिव किसानों सहित लगभग 2,000 प्रतिनिधि शामिल होंगे।आयोजित पत्रकार वार्ता में अरुण कुमार सिन्हा आईएएस सेवानिवृत्त संस्थापक संरक्षक , डॉक्टर क्षेत्रपाल गंगवार अध्यक्ष, वी आर वर्मा एवं रविन्द्र सिंह गंगवार उपाध्यक्ष, उमेश कुमार सिंह महामंत्री एवम आर एल निरंजन कोषाध्यक्ष व योगेंद्र सचान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने बताया कि उक्त सम्मेलन में मुख्य रूप से सरदार पटेल और आधुनिक समाज, सामाजिक समरसता, पिछड़ा वर्ग, कृषकों एवं सर्वहारा समाज, रोजगार उन्मुखी जागरुकता, शिक्षा और प्रचलित अनुष्ठान एवं रीति रिवाजों की प्रासंगिकता जैसे विषयों के अलावा समाज के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक आदि विभिन्न पहलुओं पर विचार होगा। सम्मेलन में किसी राष्ट्रीय मार्ग का नाम सरदार पटेल के नाम पर किये जाने का प्रस्ताव पारित होगा। साथ ही लखनऊ और दिल्ली में पटेल स्मारक बनवाने, हर जिले मे सरदार पटेल की प्रतिमा लगाने , समाज में अच्छा कार्य करने वालों को पुरस्कार, बुद्धिजीवी एप और पटेल चेतना रैली आदि पर विचार विमर्श करते हुए आगामी रणनीति तय की जायेगी। बताते चलें कि सरदार पटेल बौद्धिक विचार मंच का गठन जुलाई 2018 में किया गया था। मंच के मुख्य उद्देश्य समाज को अपने हितों के प्रति जागरुक करना,समाज की विभिन्न समस्याओं से सरकार को अवगत कराना, समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों को एक मंच पर इकठ्ठा करना, संख्या के आधार पर सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक भागीदारी हेतु प्रयास करना,समाज में अधिकाधिक उद्यमी बनाने हेतु लोगों को प्रोत्साहित करना, ग्रामीण अंचलों में पुस्तकालय, वाचनालय एवं इनसे जुड़ी गतिविधियों का संचालन कराना हैं। उक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए मंच द्वारा विभिन्न कार्यकम आयोजित किये जा चुके हैं।जैसे प्रदेश के 15 मंडलों और दिल्ली में प्रेस वार्ताएं आयोजित की गयीं। विचार मंच द्वारा बुद्धिजीवी चिंतन शिविर, सरदार पटेल एवं ग्राम्य विकास कार्यक्रम, पंचायत प्रतिनिधि प्रशिक्षण एवं सम्मान समारोह, जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह, सामाजिक चिंतनध शिविर, अपनों से मिलिए, सरदार सम्मान समारोह और प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम भी आयोजित किये जा चुके है। उक्त कार्यक्रमों की कड़ी में ही 4 फरवरी का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं।

# पेराई क्षमता के सृजन से लगभग 1,17,810 लोगों के लिये प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन हुआ

## –लक्ष्मी नारायण चौधरी

## कृषक घटतौली की दशा में विभागीय टोल-फ्री नम्बर 1800-121-3203 पर सूचना दें

लखनऊ (आरएनएस)। प्रदेश के चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा दिये गये आदेश के क्रम में प्रमुख सचिव, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास द्वारा गन्ना किसानों को त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान कराने तथा घटतौली पर प्रभावी अंकुश लगाने के सघ्ख्त निर्देश दिये गये है। उन्होंने गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये हैं कि गन्ने की खेती में आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स (एआई) के उपयोग को बढावा दिया जाय। जिससे प्रदेश के गन्ना किसानों को सम्भावित कीट हमलों का पूर्वानुमान, फसलों के स्वास्थ्य की निगरानी, मौसम पूर्वानुमान, पेड़ी प्रबंधन, उचित जल संचरण, सिंचाई में स्वचालन तकनीक, ड्रोन, मिट्टी के नमूने, डेटा विश्लेषण और फसल रोपण सहित विभिन्न कार्यों में तकनीकी सहायता से गन्ना किसानों को बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके। गन्ना विभाग के अधिकारियों द्वारा चीनी मिल गेटों एवं गन्ना क्रय केन्द्रों पर सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाये। गन्ना किसान संस्थान में आयोजित समीक्षा बैठक में गन्ना आयुक्त द्वारा गन्ना मूल्य भुगतान पर प्रमुख सचिव को जानकारी देते हुये अवगत कराया गया कि विगत साढे छह वर्षों में कुल रू.2,35,073 करोड़ का रिकार्ड गन्ना मूल्य भुगतान प्रदेश के किसानों का कराया गया है। वर्तमान पेराई सत्र 2023–24 में अब तक रू.14,200 करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है, जो कुल देय का लगभग 82 प्रतिशत है। प्रदेश की कुल संचालित 120 चीनी मिलों द्वारा लगभग 574 लाख टन गन्ने की पेराई करते हुये अब तक लगभग 58 लाख टन चीनी का उत्पादन किया गया है। पेराई सत्र 2016–17 में गन्ना क्षेत्रफल 20.54 लाख हेक्टेयर था। वर्तमान में 44.40 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 29.66 लाख हेक्टेयर हो गया है। पेराई सत्र 2016–17 में गन्ना उत्पादकता 72.38 टन प्रति हेक्टेयर थी। वर्तमान में 11.57 टन प्रति हेक्टेयर की वृद्धि के साथ गन्ना उत्पादकता 83.95 टन प्रति हेक्टेयर हुई। समीक्षा बैठक में पेराई क्षमता विस्तार पर अवगत कराया कि प्रदेश में मार्च,2017 से अब तक 03 नई चीनी मिलों की स्थापना, 05 चीनी मिलों के पुर्नसंचालन एवं 38 चीनी मिलों में पेराई क्षमता विस्तार से कुल 1,07,100 टी.सी.डी. की अतिरिक्त पेराई क्षमता के सृजन से लगभग 1,17,810 लोगों के लिये प्रत्यक्षध्अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन हुआ है। इस बैठक में घटतौली पर अंकुश लगाने के लिये विभागीय अधिकारियों को विस्तृत दिशा–निर्देश भी दिये गये। ज्ञातव्य है कि वर्तमान पेराई सत्र 2023–24 गतिमान है। चीनी मिल गेटों व गन्ना क्रय–केन्द्रों पर गन्ने की खरीद की जा रही है। गन्ना खरीद को सुगम एवं पारदर्शी बनाने तथा अवैध गन्ना खरीद पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिये मिल गेट एवं गन्ना क्रय केन्द्रों पर औचक निरीक्षण अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया है। परिक्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि इस अभियान में संयुक्त टीम बनाकर घटतौली तथा अवैध गन्ना खरीद फरोख्त के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जाये। इसके साथ ही तौल हेतु प्रयुक्त हो रहे वेब्रिजों एवं सॉफ्टवेयर में छेड़–छाड़ करने वाली संस्थाओं पर भी पैनी निगाह रखते हुए तौल कांटों की शुद्धता, तौल लिपिकों के लाइसेंस, उनके पास पहचान पत्र की उपलब्धता तथा ई.आर.पी. के माध्यम से तौल लिपिकों के रैण्डम स्थानान्तरण आदि बिन्दुओं पर भी निरीक्षण किया जाये। घटतौली पाये जाने पर दोषी व्यक्तियों, तौल लिपिकों, चीनी मिलों एवं त्रुटिपूर्ण वेब्रिज तथा सॉफ्टवेयर निर्माताओं के विरूद्ध नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। कृषकों से अपील की गयी है कि किसी भी वाह्य गन्ना क्रय केन्द्र एवं चीनी मिल गेट पर घटतौली की दशा में विभागीय टोल–फ्री नम्बर 1800–121–3203 पर सूचना दें, जिस पर तत्काल उचित कार्यवाही की जाएगी।

# भगवान श्रीराम की नगरी में वर्ष 2023 में लगभग 5.76 करोड़ और काशी में लगभग 8.55 करोड़ लोगों ने किया भ्रमण

## पिछले 10 दिनों में अयोध्या में 25 लाख से अधिक श्र)ालु दर्शन किये

लखनऊ (आरएनएस)। धार्मिक पर्यटन ने उत्तर प्रदेश पर्यटन में सैलानियों को विभिन्न विकल्प उपलब्ध कराए हैं। सरकार के प्रयासों से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या और काशी प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। वर्ष 2023 में अयोध्या में लगभग 05.76 करोड़ और काशी में लगभग 08.55 करोड़ लोगों ने भ्रमण किया। यह संख्या वर्ष 2022 में आयोध्या में पहुंचे पर्यटकों से लगभग 03.36 करोड़ और काशी में पहुंचे पर्यटकों की संख्या से लगभग 01.42 करोड़ अधिक है। पिछले 10 दिनों में अयोध्या में 25 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। धार्मिक पर्यटन बढ़ने से अयोध्या समेत प्रदेश के अन्य जनपदों के आर्थिक परिदृश्य में तेजी से बदलाव आ रहा है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि घरेलू पर्यटन के मामले में उत्तर प्रदेश पूरे देश में पहले स्थान पर है। वर्ष 2022 में प्रदेश में 31,85,62, 573 पर्यटक आए थे। यह संख्या वर्ष 2021 से लगभग 180 प्रतिशत ज्यादा है। वर्ष 2022 में अयोध्या में कुल 2,39,10,479 पर्यटक आए थे। इसमें 2,39,09,014 घरेलू और 1,465 विदेशी थे। अयोध्या में वर्ष 2023 में 5,75,70,896 लोगों ने भ्रमण किया। इसमें 5,75,62,428 घरेलू और 8,468 विदेशी पर्यटक थे।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि भगवान शिव की नगरी के रूप में विश्व विख्यात काशी में वर्ष 2022 में कुल 7,12,31,051 पर्यटक पहुंचे थे। इसमें 7,11,47,310 घरेलू और 83,741 विदेश से आने वाले सैलानी थे। यहां वर्ष 2023 में कुल 8,54,73,633 पर्यटक पहुंचे, जिसमें 8,52,71,729 घरेलू और 2,01,904 विदेश से आने वाले पर्यटक थे। खास बात यह है कि घरेलू पर्यटकों के साथ–साथ विदेश से आने में पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। काशी में वर्ष 2022 की तुलना में 2023 में 1.18 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक बढ़े हैं। इसी तरह अयोध्या में वर्ष 2022 में 1,465 जबकि 2023 में 8,468 विदेशी पर्यटक आए थे। इस हिसाब से सात हजार पर्यटक बढ़ गए।

जयवीर सिंह ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के बाद यहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों का रेला उमड़ रहा है। प्रतिदिन लाखों लोग दर्शन–पूजन और भ्रमण के लिए पहुंच रहे हैं। अयोध्या धाम के प्रत्येक मंदिर व अन्य श्रद्धालु स्थल सजाए और संवारे जा रहे हैं। हवाई, रेल और रोड के माध्यम से शानदार कनेक्टिविटी दी जा रही है। पर्यटकों के ठहरने लिए टेंटसिटी, होटल सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। पर्यटकों के भ्रमण के लिए ऐसे में धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक नगरी के रूप में प्राचीन काल से विख्यात यह नगरी देश–दुनिया के पर्यटन मानचित्र में प्रमुखता से अपनी उपस्थिति दर्ज कराने को तैयार है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में बहुत तेजी से विकास कर रहा है।

पर्यटन स्थलों के साथ–साथ पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। अयोध्या का विश्व की सुंदरतम नगरी के रूप में विकास हो रहा हैं। उन्होंने बताया कि कल लोकसभा में पेश हुए केन्द्रीय बजट में पर्यटन सेक्टर पर खासा ध्यान दिया गया है। आध्यात्मिक एवं धार्मिक पर्यटन के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की गयी है। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 को इससे ज्यादा फायदा होगा।

# तराई क्षेत्र के जनपदों की गौरवशाली विरासत एवं संस्कृति को संरक्षित करने के लिए भारत–नेपाल मैत्री महोत्सव–2024 का आयोजन

# तराई सीमा क्षेत्र के 08 जनपदों में महोत्सव का होगा आयोजन–जयवीर सिंह

लखनऊ (आरएनएस)। प्रदेश के तराई सीमा क्षेत्र के जनपदों में भारत–नेपाल मैत्री महोत्सव–2024 कार्यक्रमों का 09 फरवरी से 29 फरवरी, 2024 तक किया जाना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तराई सीमा क्षेत्र से संबंधित जनपदों में युवा पीढ़ी एवं विद्यार्थियों को प्रदेश के गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने एवं देश प्रेम की भावना को जागृत करना है। यह महोत्सव 09 फरवरी को सिद्धार्थनगर जनपद से प्रारम्भ होकर महराजगंज, कुशीनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुरखीरी एवं पीलीभीत में 29 फरवरी, 2024 को समाप्त होगा।यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरूवार को दी। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव को भव्य ढंग से आयोजित करने के लिए तराई क्षेत्र के 08 जनपदों–सिद्धार्थनगर, महराजगंज, कुशीनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुरखीरी तथा पीलीभीत के जिलाधिकारियों को प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य की ओर से आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि भारत–नेपाल मैत्री महोत्सव–2024 का आयोजन 09 से 11 फरवरी को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय सिद्धार्थनगर में किया जायेगा। इसी प्रकार 13–14 फरवरी को जनपद महराजगंज के जवाहर लाल नेहरू पीजी कालेज में किया जायेगा और 16 फरवरी को बुद्ध पीजी महाविद्यालय कुशीनगर तथा 18–19 फरवरी को राजकीय संग्रहालय इमिलिया कोडर–राजकीय एमएलके महाविद्यालय बलरामपुर में किया जायेगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि 21 फरवरी, 2024 को जिला मुख्यालय भिनगाध्सत्यनारायण उच्चशिक्षण संस्थान, तुलसीपुर बलरामपुर में तथा 23–24 फरवरी को जनपद बहराइच के सीमान्त डिग्री कालेजध्लार्ड बुद्धा इण्टर कालेज में महोत्सव सम्पन्न होगा। इसके पश्चात 26 फरवरी को राजकीय एकलव्य आश्रम पद्धति इण्टर कालेज, लखीमपुर में महोत्सव का आयोजन होगा तथा अंतिम चरण 28–29 फरवरी को एलबीएस महाविद्यालय गॉधी स्टेडियम प्रेक्षागृह पीलीभीत में महोत्सव का समापन होगा।पर्यटन मंत्री ने बताया कि प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य द्वारा जारी निर्देशों में संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों से अपर जिलाधिकारीध्उपजिलाधिकारी स्तर के किसी अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही आयोजन स्थल पर साज–सज्जा एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। कार्यक्रम स्थल हेतु प्रस्तावित मार्ग को अतिक्रमण मुक्त बनाते हुए साइनेज लगाने के भी निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा कार्यक्रम की सुरक्षा के लिए यात्रा के साथ पुलिस स्कार्ट की व्यवस्था करने को भी कहा गया है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान एम्बुलेंस की व्यवस्था एवं अन्य चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित कराने के लिए कहा गया है। इस महोत्सव के प्रचार प्रसार एवं मीडिया कवरेज की जिम्मेदारी सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के जिलों में तैनात अधिकारियों को दी गयी है। संस्कृति निदेशालय स्तर पर कार्यक्रम के समन्वय के लिए एक सहायक निदेशक स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिये गये हैं। प्रमुख सचिव ने भारत–नेपाल मैत्री महोत्सव–2024 एवं इससे संबंधित यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन को आवश्यक कार्यवाही करने की अपेक्षा की है।

# देश व दुनिया में प्रदेश के बारे में एक सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ– मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने विधान मण्डल सत्र से पूर्व मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित किया




लखनऊ(आरएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मीडिया प्रतिनिधियों को अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला की भव्य प्राण–प्रतिष्ठा के सकुशल सम्पन्न होने की बधाई देते हुए कहा कि विधान मण्डल सत्र का शुभारम्भ महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण से होगा। अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों और भावी कार्य योजनाओं का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है। इस सत्र में वर्ष 2024–25 का बजट सदन में प्रस्तुत होगा। इस दौरान वर्ष भर के आय–व्यय को लेकर चर्चा होगी। मुख्यमंत्री ने सदन की कार्यवाही को सुचारू तथा नियम संगत तरीके से आगे बढ़ाने के लिए सदस्यों का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री आज यहां विधान भवन परिसर में विधान मण्डल सत्र से पूर्व मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व दलीय नेताओं से सम्बन्धित बैठक तथा इसके पूर्व बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक सम्पन्न होकर, तय कार्य योजनाओं के अनुसार सरकार ने अपनी पूरी तैयारी की है। सदन 25 करोड़ जनता जनार्दन की आशाओं, आकांक्षाओं व अपेक्षाओं का केंद्र तथा जनता के उल्लास व विषाद से जुड़ी घटनाओं का साक्षी है। विगत 06 वर्षों से सदन लोकतंत्र के महत्वपूर्ण स्तम्भ के रूप में सकारात्मक चर्चा के लिए जाना जा रहा है। सदन का प्रत्येक सदस्य सकारात्मक तथा विकास से जुड़े हुए मुद्दों पर अपनी बात को सदन में रखने के लिए उत्सुक दिखाई देता है।

मुख्यमंत्री ने सदन के प्रतिपक्षी सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि सदस्यों की भावनाएं दलीय सीमाओं से अलग हटकर प्रदेश के विकास की ओर उन्मुख होनी चाहिए। सदन को सकारात्मक चर्चा का केंद्र बनाने की आवश्यकता है। इस दृष्टि से यह सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी तथा उसका जवाब सरकार की ओर से दिया जाएगा। बजट पर चर्चा होगी। सदस्यों को महत्वपूर्ण मुद्दों तथा अनुदान मांगों पर अपने विचार रखने का अवसर प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त, सदस्यों को विधानसभा क्षेत्र तथा विकास से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण बातों को सदन के समक्ष रखने का अवसर भी मिलेगा। लोकतंत्र के मूल्यों और आदर्शों के अनुरूप सत्र की कार्यवाही को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए सदन के सदस्यों के सकारात्मक योगदान की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश व दुनिया में प्रदेश के बारे में एक सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है। विरोधी दल भी इस सकारात्मक माहौल का लाभ लेकर सदन को सकारात्मक चर्चा का केंद्र बनाने में अपना योगदान दें। कल सम्पन्न सर्वदलीय नेताओं की बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा आश्वस्त किया गया है, कि सरकार सदन की कार्यवाही का हिस्सा बनने वाले प्रत्येक मुद्दे पर चर्चा तथा तथ्य परख जानकारी सदन के समक्ष रखने व सदस्यों को अवगत कराने के लिए पूरी तरह तैयार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में 500 वर्षों की प्रतीक्षा के पश्चात प्रभु श्री रामलला स्वयं के भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्याधाम पधार कर सकुशल प्रभु श्री रामलला का दर्शन कर रहे हैं। सदन के सदस्य भी इस अवसर का लाभ उठाएं।

# ``भारत जोड़ो न्याय यात्रा`` आगामी 14 फरवरी को उत्तर प्रदेश के जनपद चन्दौली में प्रवेश करेगी

लखनऊ(आरएनएस)। राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' आगामी 14 फरवरी को उत्तर प्रदेश के जनपद चन्दौली में प्रवेश कर रही है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक स्वागत को लेकर आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। यह जानकादी प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन– पूर्व मंत्री डॉ0 सी0पी0 राय ने दी है।

डॉ0 सी0पी राय जी ने बताया कि यात्रा जनपद चन्दौली में प्रवेश करते हुए वाराणसी, भदोही, प्रयागराज, प्रतापगढ़, अमेठी, रायबरेली, लखनऊ, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, संभल, बुलन्दशहर, अलीगढ़ हाथरस, आगरा से होते हुए राजस्थान की सीमा में प्रवेश करेगी। डॉ0 सीपी राय ने बताया कि अभी तक मणिपुर से लेकर जितने भी प्रदेशों से यात्रा गुजरी है वहां भारी जन समुदाय ने यात्रा में भागीदारी निभाई है और समाज के सभी वर्गों ने राहुल गांधी से अपने–अपने मुद्दों पर चर्चा किया है। बैठक में विचार किया गया कि अन्य प्रदेशों की तरह ही उत्तर प्रदेश में भी भारी जन भागीदारी को सुनिश्चित किया जायेगा और समाज के विभिन्न तबकों के साथ संवाद की व्यवस्था की जायेगी। डॉ0 सीपी राय ने बताया कि यात्रा की सफलता के लिए संगठनात्मक व्यवस्था, मीडिया की व्यवस्था, प्रचार–प्रसार के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संगठनात्मक व्यवस्था के अंतर्गत अन्य कमेटियों के साथ–साथ प्रत्येक जनपद के दो से तीन तक वरिष्ठ नेताओं को यात्रा का संयोजक बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रदेश संयोजक पूर्व सांसद पी0एल0 पुनिया एवं सह संयोजक उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ''मोना'' वार रूम के चेयरमैन विधायक वीरेन्द्र चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, मीडिया चेयरमैन–पूर्व मंत्री डॉ0 सीपी राय जी, वार रूम के सदस्य संजय दीक्षित, संजय सिंह मौजूद रहे।

# भाजपा ने किसानों से जो वादे किये थे पूरे नहीं हुए – अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था जीरो है। अपराध चरम पर है। भाजपा सरकार में जगह–जगह हत्याएं हो रही है। कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। अन्याय, अत्याचार, महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। पूरे प्रदेश में लूट मची है। इतना लूट और भ्रष्टाचार यूपी में कभी नहीं रहा है। भाजपा की डबल इंजन सरकार में महंगाई और भ्रष्टाचार कम नहीं हुआ। अन्याय, अत्याचार चरम पर है। कहा कि भाजपा ने किसानों से जो वादे किये थे पूरे नहीं हुए। किसान दुःखी है। भाजपा सरकार झूठे आंकड़े देती है। यह सरकार झूठ बोलने में नम्बर एक है। प्रदेश में कहीं भी निवेश नहीं हो रहा है। किसी जिले में निवेश दिखाई नहीं दे रहा है। भाजपा सरकार के दावे झूठे हैं। निवेश जीरो है। नौजवानों के लिए नौकरी, रोजगार नहीं है। घर–घर पढ़ा–लिखा नौजवान, बेरोजगार बैठा है। गांव में 90 फीसदी नौजवान बेरोजगार है। हालत यह है कि नौकरी रोजगार के लिए नौजवानों को युद्धग्रस्त देश इजरायल जाना पड़ रहा है। वहां अभी भी हालत ठीक नहीं है। भाजपा सरकार पीडीए के अधिकार छीन रही है। पीडीए को अपमानित कर रही है। भाजपा के अन्याय, अत्याचार के खिलाफ पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, पीड़ित अगड़े और आदिवासियों में आक्रोश है। पीडीए एकजुट हो रहा है जिसके कारण भाजपा डरी हुई है। इसीलिए भाजपा यूपी में एक के अलावा अपने सभी सांसदों के टिकट काटने जा रही है। जिसका टिकट नहीं कट रहा है वो भी सीट बदलने की तैयारी में है।

### योगेश पवार मुख्य अभियंता स्तर–1 (सिविल) के पद पर प्रोन्नत

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश सरकार ने लोक निर्माण विभाग में मुख्य अभियंता स्तर–2 (सिविल) के पद पर कार्यरत योगेश पवार को मुख्य अभियंता स्तर–1 (सिविल) के पद पर वेतनमान रुपये 37,400–67,000 एवं ग्रेड पे रुपये 10,000 (पे मैट्रिक–14) में नियमित प्रोन्नति प्रदान की है। योगेश पवार की तैनाती का आदेश पृथक से जारी किये जायेंगे।

विजड्म इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शनिवार 03 फरवरी 2024
sheelshukla100@gmail.com


# सी.एम.एस. छात्रों का 'स्मृति मार्च' आज उप-मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक होंगे मुख्य अतिथि

लखनऊ, 2 फरवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के हजारों छात्र, शिक्षक व कार्यकर्ता कल 3 फरवरी, शनिवार को प्रातः 8.00 बजे से विशाल 'स्मृति मार्च' निकाल रहे हैं। सी.एम.एस. छात्रों का यह विशाल मार्च गोमती नगर स्थित 1090 चौराहा से प्रारम्भ होकर लोहिया पार्क तक जायेगा। प्रदेश के उप–मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक इस विशाल मार्च को झंडी दिखाकर 1090 चौराहे से रवाना करेंगे। सी.एम.एस. छात्र व शिक्षक अपने आध्यात्मिक अभिभावक एवं सी.एम.एस. संस्थापक स्व. जगदीश गाँधी के एकता, शान्ति, सद्भाव व सौहार्द के विचारों को जन–जन तक पहुचाने एवं विश्व एकता व विश्व शान्ति स्थापना के उनके सपनों को साकार करने का संकल्प व्यक्त करने हेतु यह विशाल मार्च निकाल रहे हैं। सी.एम.एस. छात्रों का यह विशाल मार्च जनमानस को समाज के नवनिर्माण हेतु डा. जगदीश गाँधी के विचारों से अवगत कराने के साथ ही विश्व एकता व विश्व शान्ति की मुहिम से योगदान हेतु प्रेरित करेगा।



विगत 22 जनवरी 2024 को प्रख्यात शिक्षाविद् एवं समाजसेवी डा. जगदीश गाँधी पंचतत्व में विलीन हुए, जिन्हें राजकीय सम्मान के साथ समाधि प्रदान की गई तथापि भारी संख्या में पक्ष–विपक्ष के जन–प्रतिनिधियों, मंत्रीगण, प्रख्यात साहित्यकार, पत्रकार, शिक्षाविद्, समाजसेवी, न्यायमूर्ति, अधिवक्ता, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, सैन्य अधिकारी व अनेक गणमान्य नागरिकों ने डा. जगदीश गाँधी को श्रद्धान्जलि अर्पित की। डा. जगदीश गाँधी का सम्पूर्ण जीवन विश्व के दो अरब से अधिक बच्चों के उज्जवल भविष्य को समर्पित रहा है। आपने विश्व एकता व विश्व शान्ति की स्थापना हेतु आजीवन अनवरत प्रयास किये एवं इस दिशा में अनेकों मील के पत्थर स्थापित किये। वास्तव में, डा. जगदीश गाँधी का जीवन शिक्षा जगत के नवनिर्माण, भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास एवं विश्व के ढाई अरब बच्चों के सुरक्षित व सुखमय भविष्य की अनुपम मिसाल है।

# सी.एम.एस. राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस द्वारा 'मिनी स्पोर्टस डे' का भव्य आयोजन

लखनऊ, 2 फरवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम



द्वितीय कैम्पस द्वारा 'मिनी स्पोर्टस डे' का भव्य आयोजन आज विद्यालय के खेल मैदान में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्री–प्राइमरी एवं प्राइमरी के नन्हें–मुन्हें छात्रों ने अपनी अभूतपूर्व खेल प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध ा कर दिया एवं चुस्ती–फुर्ती से परिपूर्ण फिजिकल फिटनेस एक्टिवटी द्वारा इण्डिया फिट एण्ड यंग का सन्देश दिया। खेल समारोह का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना, सर्व–धर्म प्रार्थना एवं विश्व शान्ति प्रार्थना से हुआ एवं इसके उपरान्त खेल की विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक पदकों के जबरदस्त होड़ रही और छात्रों ने अपनी शक्ति, दमखम, प्रतिभा व क्षमता का भरपूर प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न प्रकार की रोचक दौड़ प्रतियोगिताओं एवं एरोबिक्स प्रतियोगिताओं समेत विभिन्न खेलों में अपनी खेल प्रतिभा का गजब का प्रदर्शन किया। खेल प्रतिस्पर्धाओं में विजयी छात्रों को सार्टिफिकेट, मैडल व शील्ड प्रदान कर पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, छात्रों के माता–पिता व अभिभावकों ने भी म्यूजिकल चेयर एवं ड्रैग द बॉल जैसी रोचक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

सी.एम.एस. राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती अनुपमना चेकर ने इस अवसर पर कहा कि छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए शारीरिक विकास का होना अति आवश्यक है और यह खेलों द्वारा ही सम्भव है। अतः इस तरह के आयोजनों से छात्रों में आपसी सहयोग, आत्म विश्वास व जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने नन्हें–मुन्हें छात्रों की हौसलाअफजाई हेतु अभिभावकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# तीर्थ विकास परिषद पर्यटन पुलिस को उपलब्ध कराएगा आवास

(मथुरा)उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद अब जनपद की पर्यटन पुलिस को आवास की सुविध ा उपलब्ध कराएगा। इसके लिए ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ नगेंद्र प्रताप ने नगर आयुक्त शशांक चौधरी से जमीन मांगी है।जनपद में पर्यटन थाना की स्थापना हो चुकी है। पर्यटकों की सुविध ाओं के लिए शासन ने 22 पुलिस कमियों की तैनाती भी कर दी है। शुक्रवार को पर्यटन पुलिस इंस्पेक्टर अजित सिंह के साथ पर्यटन पुलिस कर्मियों ने ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ नगेंद्र प्रताप से मुलाकात की। सीईओ के साथ पर्यटन पुलिस की भूमिका और प्रमुखताओं पर मंथन किया। सी ई ओ नगेंद्र प्रताप ने पर्यटको के सामान की चोरी की घटनाओं के आलावा अन्य सहयोगी कार्यों पर बल दिया, जिस से ब्रज दर्शन को आने वाले पर्यटकों के लिए पर्यटन पुलिस सहयोगी की भूमिका निभा सके।इस दौरान पर्यटन पुलिस इंस्पेक्टर ने आवास की समस्या के साथ वर्तमान में संचालित थाना के स्थान की कमी से भी अवगत कराया। इस पर सीईओ ने पुलिस कर्मियों के लिए अस्थाई आवास व्यवस्था के साथ स्थाई आवास निर्माण के संदर्भ में नगर आयुक्त से भी फोन पर वार्ता की। इस दौरान जिला पर्यटन अधिकारी डी के शर्मा भी मोजूद रहे।उल्लेखनीय रहे कि उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के आग्रह पर उत्तर प्रदेश सरकार ने मथुरा में पर्यटन थाने की स्थापना की है। वर्तमान में पर्यटन थाना वृंदावन में संचालित किया जा रहा है।




# नदी के घाटों के सौंदर्यकरण का व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश

झांसी! लोगों को दिए जाने के निर्देश समथर एंव मोंठ में एमआरएफ केंद्र संचालन में रुचि न लेने पर अधिशासी अधिकारी को लगाई फटकार नालों में को नदियों में बहनें से रोकने के लिए लगाए गए जालों की सूचना उपलब्ध कराए जाने के निर्देश नदी के घाटों के सौंदर्यकरण का व्यापक प्रचार–प्रसार किए जाने के निर्देश ताकि अधिक से अधि ाक लोग घाटों का भ्रमण करें जनपद में विलुप्त हो रही नदियों के पुनर्जीवन के लिये नदी किनारे किए जा रहे वृक्षारोपण की जानकारी लेते हुए दिए सुझाव आज विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी श्री जुनैद अहमद की अध्यक्षता में जिला गंगा समितिध्जिला पर्यावरणीय समिति की बैठक आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पर्यावरणीय समिति की बैठक में पर्यावरण संबंधित किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जनपद में पर्यावरण सुधार लाए जाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रमध् कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि औद्योगिक इकाइयों द्वारा बायो वेस्ट एवं ई–वेस्ट पर अंकुश लगाए जाए के दृष्टिगत एनजीटी द्वारा जारी नियमावली की जानकारी उपलब्ध ा कराये और इस हेतु विशेषज्ञों को आमंत्रित करते हुए कार्यशाला आयोजित करें ताकि ईवेस्ट का भी निस्तारण किया जा सके और पर्यावरण को सुरक्षित रख सकें



# नवागत सिटी मजिस्ट्रेट ने संभाला कार्यभार

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) शुक्रवार को नवागत नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया। 2010 बैच के पीसीएस अधि ाकारी राकेश कुमार ने मथुरा के नये नगर मजिस्ट्रेट के रूप में शुक्रवार को पदभार ग्रहण करने के दौरान कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं को अविलंब निस्तारण कराना उनकी मुख्य प्राथमिकता रहेगी। नवागत नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार ने पदभार ग्रहण के उपरांत समूचे कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को साफ सफाई कराने के निर्देश दिये। बिहार के सासाराम जिले के मूल निवासी पीसीएस अधिकारी राकेश कुमार खुर्जा (बुलन्दशहर) में एसडीएम के पद पर पिछले करीब ढाई साल से तैनात थे, शासन ने उनको पदोन्नति देकर मथुरा में नगर मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात किया है। वह बांदा, देवबंद (सहारनपुर) सिकंदराबाद में उप जिलाधिकारी के पद पर कार्य कर चुके है। कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मोहन स्वरूप त्रिपाठी, मंत्री दिलीप बागला, प्रवक्ता शरद शर्मा, रघुवीर सिंह सचेतक, ललित राजपूत संगठन मंत्री एवं मनमोहन तिवारी प्रशासनिक अधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट से परिचयात्मक भेंट की।



# जमीन की धोखाधड़ी में दिगम्बर अरुणपुरी को उत्तराखंड से किया गिरफ्तार

## दिगम्बर अरुण पुरी सहित आधा दर्जन नामजद, इतने ही अज्ञात के विरूद्ध दर्ज हुआ है मुकदमा

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) थाना सदर बाजार पुलिस ने जमीन का फर्जी बैनामा करने के आरोपी एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इस मामले में छह नामजद तथा करीब इतने ही अज्ञात लोगों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर थाना सदर बाजार में अभियोग पंजीकृत हुआ था। अभियुक्त दिगम्बर अरुणपुरी पुत्र गुरु निरंजनदेव निवासी हरिहर कैलाश ज्ञानपीठ कैलाश गेट थाना मुनि की रेती जिला टिहरी गढवाल उत्तराखण्ड मूल नाम पता सुदीप परमानिक पुत्र स्व. सृष्टिधर परमानिक निवासी 7 दास लैण्ड पोस्ट बाब बाजार थाना बाब बाजार जिला कलकत्ता (पंश्चिम बगाल) को हरिहर कैलाश ज्ञानपीठ कैलाश गेट थाना मुनि की रेती जिला टिहरी गढवाल उत्तराखण्ड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजर छोटलाल के मुताबिक नौ अक्टूबर 2023 को रविन्द्र गुप्ता एडवोकेट के प्रार्थनापत्र पर न्यायालय के आदेश के अन्तर्गत धारा 156(3) सीआरपीसी के अनुपालन में अभियुक्त द्वारा धोखाधघ्डी व षडयंत्र खसरा संख्या 283 मौजा बांगर मथुरा की संपत्ति के फर्जी कूटरचित वसीयत तैयार कर इस संपत्ति पर बल पूर्वक कब्जा व खुर्द बुर्द करने का प्रयास कर संपत्ति को विवादित कर मौटी धनराशि बसूल करने तथा सम्पत्ति के अध्यासी वादी को संपत्ति को छोडने के लिए धमकाने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में सचिन सारंग पुत्र रामप्रसाद निवासी 157 ए महोली मथुरा थाना हाईवे जिला मथुरा तथा अरूण पुरी पुत्र निरंजन देव निवासी हरिहर कैलाश ज्ञानपीठ, कैलाश गेट, मुनी कीर्ति गढवाल उत्तराखण्ड, रामवीर पुत्र राजपाल निवासी 187 नवादा वारी सुरीर कला बांगर थाना सुरीर जिला मथुरा, शौर्यवीर सिंह पुत्र कप्तान सिंह निवासी 11 द्वारका इन्क्लेव थाना कोतवाली, धर्मपाल पुत्र अमरीक सिंह निवासी बालाजी मंदिर उत्तम नगर नई दिल्ली, विजय सिंह पुत्र मंगीराम निवासी सेठ की बाबरी नया बाग अलवर राजस्थान तथा करीब अधा दर्जन अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस ने दिगम्बर अरुणपुरी को गिरफ्तार किया है।

# जेईई और नीट की तैयारी करने वाले छात्रों को मिला विशेष गाइडेंस

झांसी! जेईई और नीट जैसे देश के प्रतिष्ठित प्रतियोगी एग्जाम की तैयारी के लिए मशहूर विद्यामंदिर क्लासेस ने छात्रहित में एक और कदम आगे बढ़ाते हुए फोर–पार्ट सेमिनार सीरीज का तीसरा सत्र आयोजित किया है. इस सीरीज का मकसद जेईई और एनईईटी परीक्षाओं में एक्सीलेंस के आगे आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर रौशनी डालनी है. नोएडा सेक्टर 62 स्थित फादर एंजेल स्कूल के ऑडिटोरियम में तीसरे सेमिनार का आयोजन किया गया. इस दौरान केमिस्ट्री के महागुरु बृजमोहन (बड़े भैया), गॉड ऑफ फिजिक्स श्याम मोहन (छोटे भैया) मौजूद रहे.सेमिनार में जेईई और नीट की तैयारी से जुड़ी चुनौतियों पर बात की गई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को वैल्यूएबल इनसाइट्स शेयर किए गए. केमिस्ट्री के महागुरु बृजमोहन ने एग्जाम की तैयारी की रणनीतिक अप्रोच पर जानकारी साझा करते हुए कहा, श्जेईई और नीट में सफलता सिर्फ हार्ड वर्क से नहीं मिलती है बल्कि स्मार्ट वर्क और स्ट्रैटेजिक प्लानिंग की जरूरत होती है. इन सेमिनार के जरिए हम छात्रों को तैयारी में आने वाली चुनौतियों को पार पाने के लिए गाइडेंस देंगे ताकि वो सफलता पा सकेंफिजिक्स के गॉड कहे जाने वाले श्याम मोहन ने कंसेप्ट की समझ और स्टडी हैबिट में अनुशासन की बात पर जोर दिया. उन्होंने कहा, श्फिजिक्स एक ऐसा सब्जेक्ट है जिसमें कंसेप्ट की गहरी समझ होना जरूरी है. एक मजबूत फाउंडेशन और अनुशासित स्टडी हैबिट अपने अंदर पैदा करके छात्र न सिर्फ जेईई और नीट की चुनौतियों से निपट सकते हैं, बल्कि अपने अंदर जिंदगी भर सीखने के प्रति लगाव पैदा कर सकते हैं




# विश्वविद्यालय संचालन के लिए एसकेएस को मिला मान्यता पत्र

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) निजी विश्वविद्यालय क्षेत्र के अन्तर्गत एस०के०एस० इंटरनेशनल विश्वविद्यालय मथुरा के संचालन हेतु उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव श्री एम०पी० अग्रवाल (आईएएस) ने एस०के०एस० ग्रुप के चेयरमैन एस के शर्मा को मान्यता पत्र प्रदान किया । संस्था के चेयरमैन एस के शर्मा ने बताया कि एस०के०एस इंटरनेशनल विश्वविद्यालय मथुरा शिक्षा के क्षेत्र में नये–नये आयाम स्थापित करेगा और छात्र–छात्राओं को उच्च स्तर की शिक्षा ग्रहण करायेगा । जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके। संस्था के चेयरमैन एस.के.शर्मा व वाइस चेयरमैन मयंक गौतम ने उ०प्र०के मुख्यमंत्री मा.श्री योगी आदित्यनाथ जी, उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेन्द्र उपाध्याय व उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े सभी अधि ाकारियों का आभार व्यक्त किया। उत्कर्ष गौतम ने बताया कि एस०के०एस इंटरनेशनल विश्वविद्यालय सामाजिक विकास एवं युवाओं के भविष्य निर्माण में बेहतर योगदान देगा ,ऐसा विश्वास दिलाते हैं। पूज्य संत श्री गोविंदानंद तीर्थ जी, पूज्य श्री विजय कौशल जी, सांसद श्रीमती हेमा मालिनी , कैबिनेट मंत्री श्री लक्ष्मीनारायण चौधरी,महापौर श्री विनोद अग्रवाल,विधायक श्रीकांत शर्मा,श्री पूरन प्रकाश, श्री मेघश्याम सिंह, एम.एल.सी श्री ओमप्रकाश सिंह, पूर्व सांसद श्री तेजवीर सिंह चौधरी,जिला अध्यक्ष भाजपा श्री निर्भय पाण्डे, महानगर अध्यक्ष श्री घनश्याम लोधी ,पूर्व मंत्री श्री रविकांत गर्ग, ब्लॉक प्रमुख श्री शोभाराम शर्मा,समाजसेवी श्री सुनील शर्मा, श्री जयंती प्रसाद अग्रवाल,श्री मूलचंद गर्ग, पार्षद श्री नीरज वशिष्ठ, श्री राजवीर नौहवार, श्री सुल्तान सिंह तरकर,श्री निरूपम भार्गव आदि ने हर्ष व्यक्त किया



# ममता चैरिटेबल ट्रस्ट ने भव्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन कर हजारों गरीब एवं असहायों के जख्मों पर लगाया मरहम- नीरज सिंह।

गरीबों एवं असहायों के कल्याण का पर्याय बन चुकी ममता चौरिटेबल ट्रस्ट एवं मिधानी के संयुक्त प्रयास द्वारा द्वारा चिनहट स्थित रामलीला मैदान में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में लखनऊ स्थित मेदांता अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा हजारों की संख्या में गरीबए असहायों एवं लाचार व्यक्तियों का निःषुल्क स्वास्थ्य की जॉच एवं दवाईयां उपलब्ध करायी गयी। स्वास्थ्य मेले में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा के युवा नेता श्री नीरज सिंह जी ने ममता चौरिटेबल ट्रस्ट की सराहना करते हुए कहा कि ममता चौरिटेबल ट्रस्ट लखनऊ की ही नही बल्कि पूरे भारत की सर्वश्रेष्ठ संस्था है जो संकट के समय चाहे वह कोविड काल में जरूरतमंद लोगो राषन उपलब्ध कराना हो या फिर पूरे लखनऊ को सैनीटाईजरए मास्क सहित मोबिलाइजर मषीन एवं कोविड किट देने का काम रहा हो या षिक्षा के क्षेत्र में किसी गरीब की विद्यार्थियों की सहायता करनी हों या फिर अस्पताल में भर्ती मरीजों को खून की उपलब्धता करानी हो ट्रस्ट ने 24 घंटों की सेवा के साथ जरूरतमंदो के साथ खडी रही है। इसी क्रम में उपस्थित बी0के0टी0 से विधायक योगेष शुक्ला जी ने कहा कि ममता चौरिटेबल ट्रस्ट गरीबों के आंसू पोछने का काम कर रही है। ममता चौरिटेबल ट्रस्ट से अन्य संस्थाओं को सीख लेनी चाहिए।



ममता चौरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक राजीव मिश्रा जी ने बताया कि स्वास्थ्य षिविर में लगभग 1300 से अधिक रोगियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराकर निःॅुल्क स्वास्थ्य जॉच कराकर दवाईया प्राप्त की। स्वास्थ्य षिविर में दिव्यांगजनों को निःॅुल्क ट्राई साइकिलए बैसाखी महिलाओं के लिए सेनेटरी पैड एवं जरूरतमंदों को पैथालॉजीए ई0सी0जी0, ब्लड टेस्ट एवं शुगर जैसी जाचो की सुविधा उपलब्ध करायी गयी। इतना ही नही ठंड से कांपती जनता को कम्बल का वितरण किया गया।

# यमुना एक्सप्रेस वे अंडरपास के नीचे मिला युवक का शव

(मथुराध्माट) शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेस वे के नीचे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव से खून बह रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मथुरा के थाना मांट क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे के जाबरा अंडरपास के नीचे जाबरा मांट मार्ग पर एक अज्ञात युवक का शव मिला है। शुक्रवार सुबह तड़के थाना मांट क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे के जाबरा अंडरपास के नीचे लहूलुहान हालत में एक युवक का शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास किये लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मांट थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया सुबह करीब पांच बजे सूचना मिली थी। सड़क पर एक शव पड़ा हुआ। मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसे में युवक की मौत होने की आशंका जता रहे है। शव की शिनाख्त के लिए प्रयास में पुलिस जुटी हुई है। हादसे में युवक की मौत होने की आशंका जता रहे है। शव के शिनाख्त के लिए प्रयास में पुलिस जुटी हुई है।

# अपर नगर आयुक्त रामजीलाल ने संभाला पदभार

(मथुरा)(ए.के .शर्मा)मथुरा वृंदावन नगर निगम जोनल कार्यालय वृंदावन के नवागत अपर आयुक्त रामजीलाल ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में दर्शन कर उन्होंने विधिवत चार्ज संभाला। निवर्तमान अपर आयुक्त क्रांति शेखर सिंह के आगरा विकास प्राधिकरण सचिव पद पर स्थानांतरण के बाद बदायूं से आए पीसीएस अधिकारी रामजीलाल को प्रदेश शासन द्वारा वृंदावन का चार्ज सौंपा गया है। नवागत अपर आयुक्त रामजीलाल ने कहा कि यह पवित्र ध ार्मिक नगरी है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम प्रशासन संकल्पित है। वहीं यमुना की प्रदूषण मुक्ति को लेकर यमुना भक्तों ने नगर निगम जोनल कार्यालय के मुख्य द्वार पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया है। इस मौके पर यमुना भक्तों द्वारा मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन अपर आयुक्त रामजीलाल को सौंपा गया। यहां बताते चलें कि मोक्षदायिनी यमुना को प्रदूषण मुक्त कराने की मांग को लेकर यमुना भक्त लंबे समय से आंदोलनरत है। सामाजिक कार्यकर्ता ताराचंद गोस्वामी द्वारा कई बार यमुना महारानी को प्रदूषण मुक्त कराने की मांग को लेकर स्थानीय से लेकर जिलास्तर तक प्रदर्शन किया जा चुका है। शुक्रवार को ताराचंद गोस्वामी एक बार फिर नगर निगम के जोनल कार्यालय पर अपनी मांग दोहराने पहुंचे। मुख्य द्वार पर नारेबाजी कर प्रदर्शन करने के बाद नवागत अपर आयुक्त रामजीलाल को मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित ज्ञापन सौंपा। अपर आयुक्त रामजीलाल ने कहा कि उक्त ज्ञापन नगर आयुक्त के माध्यम से जल्द ही मुख्यमंत्री को भेजा जायेगा। साथ ही नगर निगम स्तर पर यमुना के घाटों की सफाई और गंदे पानी के नालों को बंद कराने का काम शुरू किया जायेगा।



# चोरी की मोटरसाइकिल, नशीले पदार्थ के साथ दो पकड़े

(मथुरा) थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा चौकिंग के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल पर अल्प्राजोलम नशीला पदार्श बेचते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 500 ग्राम नशीला पदार्थ (अल्प्राजोलम) व एक चोरी की मोटरसाइकिल व मोटरसाइकिल तथा पेचकसनुमा मास्टर चाबी बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार छोटेलाल के मुताबिक शुक्रवार को चौकिंग के दौरान बिजलीघर के पीछे से कृष्णापुरी को जाने वाले कच्चे रास्ते से सूरज पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी बाड़पुरा थाना सदर बाजार मथुरा को 500 ग्राम नशीला पदार्थ (अल्प्राजोलम) तथा सोनू पुत्र लक्ष्मीनारायण मूल पता निवासी कठोती कुआ थाना कोतवाली मथुरा व हाल पता खलीफा का मकान महोल्ला डाडरा कृष्णापुरी थाना सदर बाजार मथुरा को एक चोरी की मोटरसाइकिल व मोटरसाइकिल चोरी करने में प्रयुक्त मास्टर चाबी के साथ गिरफ्तार किया गया।

# किशोरी से रेप के मामले में कोर्ट ने सुनाया 10 साल कैद 50 हजार रूपये अर्थदंड की सजा

सुल्तानपुर(आरएनएस)। साढ़े छह वर्ष पूर्व किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में दोषी को एडीजे एकता वर्मा ने 10 साल कैद व 50 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला मोतिगरपुर थानाक्षेत्र के एक गांव का है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता राजेश द्विवेदी ने बताया कि 13 जून 2017 मोतिगरपुर थाने में पीड़िता के चाचा ने मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि एक दिन पहले रात में नल पर पानी भरने गई उनकी भतीजी के साथ गांव के दीपक ने दुष्कर्म किया था। आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय आया तो अभियोजन ने छह गवाहो को परीक्षित कराया था। साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को सजा काटने के लिए जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि घटना वाली शाम दोषी दीपक पुत्र राम निहोर की बरीक्षा थी। उसी दिन 13 वर्षीय किशोरी भी वही गई थी। रात करीब 10रू30 बजे प्यास लगने पर वह नल के पास आई थी उसी समय दीपक भी आ गया। पीड़िता को अकेला पाकर उसे पास की झाड़ियों में खीच ले गया और दुष्कर्म किया। बालिका ने घर जाकर रोकर सारी बात अपनी दादी को बताया। दूसरे दिन चाचा ने इस मामले में केस दर्ज कराया था।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शनिवार 03 फरवरी 2024
sheelshukla100@gmail.com


# संपादकीय

## भ्रष्टाचार एजेंडे पर नहीं

ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल की जो कसौटियां आज हैं, वही दस साल पहले भी थीं। प्रश्न है कि अगर इन कसौटियों पर तैयार भ्रष्टाचार सूचकांक से उभरी सूरत को लेकर तत्कालीन सरकार की जैसी भ्रष्ट छवि बनी थी, तो आज वैसा ही क्यों नहीं हो रहा है? भारत भ्रष्टाचार अवधारणा के सूचकांक पर भारत एक साल में आठ अंक गिर गया। लेकिन यह खबर मीडिया की सुर्खियों में उस तरह से नहीं आई है, जैसा दस साल पहले होता था। तत्कालीन यूपीए सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार का नैरेटिव बनाने में अंतरराष्ट्रीय संस्था ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल (टीआई) की रिपोर्टों ने बड़ी भूमिका निभाई थी। लेकिन अब जबकि अंतरराष्ट्रीय सूचकांक में गिर कर भारत फिर लगभग दस साल पहले जितने ही स्थान पर पहुंच गया है, तब इसको लेकर शायद ही कोई शोरगुल है। गौरतलब है कि 2012 में भारत टीआई सूचकांक में 94वें नंबर पर था। ताजा जारी 2023 के सूचकांक में वह 93वें स्थान पर है। यानी भारत को आज लगभग उतना ही भ्रष्ट देश समझा जा रहा है, जितना 12 साल पहले समझा गया था। टीआई के सूचकांक में कई खामियां हैं। इनमें सबसे बड़ी खामी यह है कि इसे सिर्फ पब्लिक सेक्टर में मौजूद भ्रष्टाचार से बनी अवधारणा के आधार पर तैयार किया जाता है। जबकि अर्थव्यवस्था के अधिक से अधिक निजीकरण होने के साथ निजी क्षेत्र में होने वाला भ्रष्टाचार सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाला बड़ा पहलू बनता चला गया है।

फिर नीतिगत मामलों में चुनावी चंदे और मोनोपॉली घरानों के सरकारों पर बढ़ते नियंत्रण का पहलू भी अहम हो गया है। इन व्यवस्थागत पहलुओं का आकलन टीआई की रिपोर्टों में प्रतिबिंबित नहीं होता है। बहरहाल, टीआई की जो कसौटियां आज हैं, वही दस साल पहले भी थीं। प्रश्न है कि अगर इन कसौटियों पर तत्कालीन सरकार की भ्रष्ट छवि बनी थी, तो आज वैसा ही क्यों नहीं हो रहा है? संभवतरू इसका एक कारण राजनीतिक कथानक तैयार करने के माध्यमों पर सत्ता पक्ष का कसता गया शिकंजा है। साथ ही सिविल सोसायटी के संगठन या तो अपने राजनीतिक रुझानों की वजह से चुप हो गए हैं, या फिर वे इतने भयभीत हैं कि वे उन्हीं मुद्दों पर अब नहीं बोलते, जिनको लेकर एक समय वे अतिशय वाचाल होते थे। जबकि इस दौरान देश में पारदर्शिता और धुंधली हुई है। इसके बावजूद इस पर समाज आंदोलित नहीं है, तो यह भारतीय समाज पर एक प्रतिकूल टिप्पणी है।

## चंडीगढ़ में जो हुआ

सरसरी तौर पर जो हालात दिखते हैं, उनको लेकर संदेह खड़ा हुआ है। मेयर के चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत तय मानी गई थी। लेकिन कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के साथ आने के बाद से जैसी घटनाएं हुईं, उन्होंने सारे प्रकरण को संदिग्ध बना दिया है।

चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव का विवाद अब न्यायपालिका के दायरे में है। अब पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट इस पर फैसला देगा कि क्या पीठासीन अधिकारी ने आठ वोटों को गलत ढंग से अवैध करार देकर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को विजयी घोषित किया। बहरहाल, इस तरह का विवाद उठा, यही बड़ी चिंता की बात है। सरसरी तौर पर जो हालात दिखते हैं, उनको लेकर संदेह खड़ा हुआ है। नगर परिषद में इंडिया गठबंधन (आम आदमी पार्टी़ कांग्रेस) के 20 सदस्य हैं और भाजपा़ अकाली दल के 16. ऐसे में इंडिया गठबंधन की जीत तय मानी गई थी। लेकिन कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के साथ आने के बाद से जैसी घटनाएं हुईं, उन्होंने संदेह को जन्म दिया। पहले तो भाजपा के पदाधिकारी रह चुके एक व्यक्ति को पीठासीन अधि ाकारी बनाया गया। फिर 18 जनवरी को उस पीठासीन अधिकारी ने खुद के बीमार होने की बात कह कर अचानक चुनाव टाल दिया। आप और कांग्रेस का आरोप है कि सोमवार को उनके आठ पार्षदों के वोट पर खुद पीठासीन अधिकारी ने अतिरिक्त निशान बनाकर उन्हें अवैध करने का आधार बनाया।

दोनों पार्टियों का दावा है कि यह सारी गतिविधि कैमरे में कैद है। ये दावे कितने ठोस हैं, इस पर कोर्ट के निर्णय का इंतजार रहेगा। लेकिन चुनाव प्रक्रिया को लेकर भारत में जिस तरह संदेह का वातावरण गहरा रहा है, वह चिंताजनक है। कुछ ही पहले यह सामने आया है कि चुनावों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन बनाने वाली कंपनी बीईएल के निदेशक मंडल में चार भाजपा पदाधिकारियों को नियुक्त कर दिया गया है। इससे यह वाजिब सवाल उठा है कि जिस कंपनी की कार्य–प्रणाली में सर्वोच्च पारदर्शिता और निष्पक्षता जरूरी है, वहां किसी पार्टी विशेष के पदाधिकारी निदेशक कैसे रह सकते हैं? निर्वाचन आयोग में नियुक्तियों और इलेक्ट्रॉल बॉन्ड जैसे मुद्दों के कारण पहले ही चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर अनेक गंभीर सवाल उठ चुके हैं। ऐसा लगता है कि वर्तमान केंद्र सत्ता पक्ष की रुचि इन सवालों का उत्तर देने में नहीं, बल्कि इन्हें और संदिग्ध बनाने में है। लेकिन लोकतंत्र के लिए यह खतरनाक नजरिया है।

## लोकसभा के पहले प्रदेश में भी दलबदल

जब भी चुनाव आते हैं तब राजनीतिक दलों में दलबदल तेज हो जाता है। पिछले विधानसभा के चुनाव के दौरान भी बेधड़क दलबदल हुआ था और अब लोकसभा चुनाव के पहले एक बार फिर दलबदल की आहट सुनाई देने लगी है। हालांकि इस बार भाजपा से किसी दूसरे दल में जाने वाले कहीं दिखाई नहीं दे रहे लेकिन अन्य दलों से भाजपा में आने के लिए जरूर बातचीत चल रही है लेकिन कुछ बीजेपी में आए लोगों का हश्र देखकर और कुछ स्थानीय भाजपा नेताओं का विरोध दलबदल की राह में गति अवरोधक बना हुआ है। दरअसल, अब देश की राजनीति में दलबदल कोई ऐसा मुद्दा नहीं रहा जिससे कि शर्मिंदगी महसूस हो जिस तरह से राष्ट्रीय राजनीति में नीतेश कुमार ने दलबदल का परिणाम हर बार मुख्यमंत्री बनकर दिखाया है उससे अब वे राजनीतिज्ञ जो लंबा संघर्ष नहीं करना चाहते जो विपक्ष की बजाय सत्ता पक्ष की राजनीति करने में विश्वास रखते हैं वह जरूर इस समय भाजपा में एंट्री करने के दरवाजे तलाश रहे हैं और कुछ विपक्षी नेताओं को भाजपा के नेता ही ऑफर देकर भाजपा में बुला रहे हैं जिससे कि पार्टी के अंदर गुटबाजी के कारण पार्टी के नेताओं को स्थानीय स्तर पर कमजोर करने के लिए विरोधी दल के नेताओं को पार्टी में आमंत्रित कर रहे हैं। विध ाानसभा चुनाव के बाद पंचायत और नगर निगमों के जनप्रतिनिधि भाजपा ज्वाइन कर चुके हैं और कुछ महापौर और कुछ जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा ज्वाइन करने की राह पर है। बहरहाल, मंगलवार को विभिन्न सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान जबलपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कांग्रेस विधायक विधायक ओंकार सिंह मरकाम को जिस तरह से पार्टी में आने का ऑफर दिया उनसे कहा कि वह गलत पटरी पर बैठे हैं। मुख्यमंत्री जब ऐसा कह रहे थे तब विधायक ओमकार सिंह मरकाम हाथ जोड़ खड़े हुए और मुस्कुराते रहे। हालांकि बाद में उन्होंने इन सब बातों को बेबुनियाद बताया लेकिन पार्टी में विभिन्न अंचलों में विभिन्न स्तर पर स्थानीय समीकरणों के हिसाब से दलबदल को हवा दी जा रही है

# भाग लेने के लिए यूएई की जनता में मची है होड़, मुसलिम देश को जो पहला भ्पदकन मंदिर मिलने जा रहा है वह कैसा दिखता है ?



प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम की बात करें तो आपको बता दें कि वह 13 फरवरी को अबू ध ाबी के शेख जायद स्टेडियम में भारतीय समुदाय शिखर सम्मेलन 'अहलान मोदी' (हेलो मोदी) को संबोधित करेंगे और 14 फरवरी को यूएई की राजधानी अबू ध ाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सनातन भारत को ही सिर्फ भव्य, दिव्य और नव्य राम मंदिर नहीं दिया है बल्कि अब वह मुस्लिम देश संयुक्त अरब अमीरात में भी भव्य हिंदू मंदिर का उद्घाटन करने जा रहे हैं। जी हाँ, हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करने और एक हिंदू मंदिर के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए 13–14 फरवरी को यूएई की यात्रा पर रहेंगे। प्रधानमंत्री के इस दौरे को लेकर मुस्लिम देश यूएई में खासा जोश देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम की बात करें तो आपको बता दें कि वह 13 फरवरी को अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में भारतीय समुदाय शिखर सम्मेलन 'अहलान मोदी' (हेलो मोदी) को संबोधित करेंगे और 14 फरवरी को यूएई की राजधानी अबू ध ाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे। 'अहलान मोदी' कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है। हम आपको याद दिला दें कि ऐसा ही कार्यक्रम 22 सितंबर, 2019 को अमेरिका के टेक्सास में ह्यूस्टन में हुआ था जब प्रध ाानमंत्री मोदी ने तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ श्हाउडी मोदीश नामक एक सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित किया था। अहलान मोदी कार्यक्रम में भाग लेने की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए एक पंजीकरण पोर्टल स्थापित किया गया है और प्रतिभागियों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने के लिए हर जगह से परिवहन की व्यवस्था की जा रही है। बताया जा रहा है कि यूएई में रहने वाले भारतीय समुदाय के अलावा स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पंजीकरण करवा रहे हैं। लोगों की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए स्टेडियम के आसपास बड़ी स्क्रीनें भी लगाई जाएंगी ताकि सभी लोग प्रध ाानमंत्री को सुन सकें। बताया जा रहा है कि यह कार्यक्रम यूएई में 150 भारतीय सामुदायिक संगठनों द्वारा मिलकर आयोजित किया जा रहा है। समारोह को शानदार बनाने के लिए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया है जिसमें 400 स्थानीय प्रतिभाएं शामिल होंगी। कैसा है भव्य ठ।च्े भ्पदकन डंदकपत पद न्।म्‌ जहां तक अबू धाबी में बने बीएपीएस हिंदू मंदिर की बात है तो आपको बता दें कि पिछले तीन वर्षों के दौरान, राजस्थान और गुजरात के 2,000 से अधिक कारीगरों ने मंदिर के लिए सफेद संगमरमर के 402 स्तंभों को तराशा है। मंदिर का उद्घाटन 14 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। अबू धाबी के बाहरी इलाके में एक पहाड़ी की चोटी पर स्थापित यह मंदिर यकीनन एक आकर्षक आध्यात्मिक स्थल बनेगा। हम आपको बता दें कि मंदिर के उद्घाटन से पहले इसकी स्थापत्य कला की एक झलक पाने के लिए 42 देशों के राजदूतों के लिए पूर्वावलोकन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभी राजदूत मंदिर को देखकर हैरान रह गये और सनातन संस्कृति की जी भरकर सराहना करते रहे। जहां तक मंदिर की भव्यता की बात है तो आपको बता दें कि यह विश्व के दिव्यतम और भव्यतम मंदिरों में से एक है। अबू धाबी के पहले पारम्परिक हिंदू मंदिर में हाथ से नक्काशीदार मूर्तियों को जब आप देखेंगे तो देखते ही रह जाएंगे। इस मंदिर में उत्कृष्ट वास्तुकला का खजाना है। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान द्वारा दान की गई 27 एकड़ भूमि पर बना यह भव्य मंदिर वहां के आपसी सौहार्द्र को भी प्रदर्शित करता है। बताया जा रहा है कि यह पूजा स्थल 18 फरवरी से जनता के लिए खुलेगा। इस मंदिर की खासियत यह है कि यहां न केवल हिंदू धर्म बल्कि विभिन्न धर्मों और सभ्यताओं का भी प्रतिनिधित्व किया गया है। भारत के कुशल कारीगरों द्वारा निर्मित, गुलाबी बलुआ पत्थर की संरचना देखते ही बनती है। इस ऐतिहासिक मंदिर को आप जिस कोने से भी देखेंगे वहीं से इसकी भव्यता देखते बनेगी। मंदिर परिसर में प्रवेश करने के बाद पहली चीज जो ध्यान देने योग्य है, वह सभी सात अमीरातों की रेत से बनाई गई प्रभावशाली टीला संरचना है। इसे बीएपीएस संस्था के दिवंगत आध्यात्मिक प्रमुख स्वामी महाराज को श्रद्धांजलि के रूप में स्थापित किया गया है, जिन्होंने 1997 में शारजाह के रेगिस्तान के बीच में रहते हुए अबू धाबी में एक मंदिर बनाने की कामना की थी। यूएई और मोदी सरकार तथा बीएपीएस संगठन के सम्मिलित प्रयासों के कारण आज वह सपना हकीकत बन गया है। मुख्य मंदिर में प्रवेश करने से पहले एक आकर्षक झरना आगंतुकों का स्वागत करता है, जो पवित्र भारतीय नदियों गंगा, यमुना और सरस्वती के स्रोत का प्रतिनिधित्व करता है। यहां तापमान को ठंडा रखने के लिए फर्श का निर्माण उन्नत तकनीक से किया गया है जिससे श्रद्धालु मंदिर परिसर में आसानी से नंगे पैर घूम सकेंगे। इसके अलावा यहां पर्यावरण–अनुकूल जूता घर हैं। साथ ही मंदिर के बाहरी हिस्से में 96 घंटियाँ हैं जो दिवंगत स्वामी महाराज के जीवन को याद करने का प्रतीक है। इसके अलावा फूड कोर्ट में बेंच, टेबल और कुर्सियाँ भी काफी आरामदेह बनाई गयी हैं। यह मंदिर अरबी प्रतीकों के साथ–साथ भारत की समृद्ध संस्कृति और इतिहास को भी दर्शाता है। पत्थरों पर की गयी नक्काशी भारतीय महाकाव्यों– रामायण और महाभारत समेत तमाम हिंदू धर्मग्रंथों और पौराणिक कथाओं में उल्लिखित महत्वपूर्ण बातों का वर्णन करती हैं। यह मंदिर प्राचीन हिंदू श्शिल्प शास्त्रश (वास्तुकला के संस्कृत ग्रंथ) के अनुसार बनाया गया है, जिसमें अरब, मिस्र, मेसोपोटामिया, एज्टेक और भारतीय सभ्यता से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण कथाओं का भी चित्रण किया गया है। मंदिर के अंदर की कलाकृतियां भी देखने लायक है। दो शानदार नक्काशियां– सद्भाव का गुंबद और शांति का गुंबद सबका ध यान खींचती हैं। इसके अलावा श्डोम ऑफ हार्मनीश पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और अंतरिक्ष के सार को समाहित करने वाली पांच परतों का एक मनोरम प्रतीक है। यहां पर एक उल्लेखनीय कृति श्स्तंभों का स्तंभश है, जो हजारों छोटे स्तंभों से सुशोभित है। बहरहाल, इसमें कोई दो राय नहीं कि मुस्लिम देश में हिंदू मंदिर बनने का वैश्विक प्रभाव पड़ना निश्चित है। यह मंदिर आने वाली पीढ़ियों के लिए उपहार तो होगा ही साथ ही सनातन को समझने और उसकी ओर आकर्षित होने का माध्यम भी बनेगा।

# एआई सोशल मीडिया पर किशोरों को सुरक्षा और गोपनीयता प्रदान करने में कितनी मदद कर सकता है ?

सोशल मीडिया पर किशोरों के लिए जोखिमों की व्यापकता अच्छी तरह से स्थापित है। ये जोखिम उत्पीड़न और धमकाने से लेकर खराब मानसिक स्वास्थ्य और यौन शोषण तक हैं। जांच से पता चला है कि मेटा जैसी कंपनियों को पता है कि उनके प्लेटफॉर्म मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को बढ़ाते हैं। मेटा ने नौ जनवरी 2024 को घोषणा की कि वह किशोर उपयोगकर्ताओं को इंस्टाग्राम और फेसबुक पर कंपनी द्वारा हानिकारक मानी जाने वाली सामग्री को देखने से रोककर उनकी सुरक्षा करेगा। इनमें आत्महत्या और खाने के विकारों से संबंधित सामग्री भी शामिल है। यह कदम ऐसे समय में आया है जब संघीय और राज्य सरकारों ने किशोरों के लिए सुरक्षा उपाय प्रदान करने के लिए सोशल मीडिया कंपनियों पर दबाव बढ़ा दिया है। हम जानते हैं कि कि किशोर समर्थन के लिए सोशल मीडिया पर अपने साथियों की ओर रुख करते हैं, जो उन्हें कहीं और नहीं मिल सकता है। किशोरों की सुरक्षा के प्रयास अनजाने में उनके लिए सहायता प्राप्त करना कठिन बना सकते हैं। अमेरिकी कांग्रेस ने हाल के वर्षों में सोशल मीडिया और युवा लोगों के लिए जोखिमों के बारे में कई बार विचार किया है। मेटा, एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) टिकटॉक, स्नैप और डिस्कोर्ड के सीईओ नाबालिगों को यौन शोषण से बचाने के अपने प्रयासों के बारे में 31 जनवरी, 2024 को सीनेट न्यायपालिका समिति के समक्ष गवाही देने वाले हैं। समिति के अध्यक्ष और रैंकिंग सदस्य, क्रमशः सीनेटर डिक डर्बिन (डी–इल) और लिंडसे ग्राहम (आर–एस.सी. ) ने इस सुनवाई से पहले एक बयान में कहा है कि टेक कंपनियों को ''अंततरू खास तौर से बच्चों को सुरक्षा देने के मामले में अपनी विफलताओं को स्वीकार करने पर मजबूर किया जा रहा है।'' एक हालिया शोध से पता चलता है कि जहां किशोरों को सोशल मीडिया पर खतरे का सामना करना पड़ता है, वहीं उन्हें साथियों का समर्थन भी मिलता है, खासकर सीधे संदेश के माध्यम से।

# अमेरिका जवाब देगा या अनदेखी करेगा ?

श्रुति व्यास

अमेरिका निशाने पर आने लगा है। उसकी थलसेना के सैनिकों पर हवाई हमला हुआ है! इजराइल–हमास लड़ाई के चौथे महीने में ऐसा लग रहा है कि अमेरिका भी लड़ाई में घसीट लिया जाएगा। गत 28 जनवरी को ईरान–समर्थित गुटों द्वारा ड्रोन और मिसाइलों से किये गए हमले में जॉर्डन में तीन अमरीकी सैनिक मारे गए और 34 घायल हुए।लड़ाई की शुरुआत से ही अमेरिका इन समूहों के निशाने पर था और अब तो मध्यपूर्व में इनके कम से कम 160 ठिकानों पर अमेरिका गोलीबारी कर चुका है। अऋाईस जनवरी की घटना कोरियाई लड़ाई के बाद से अमेरिका की थलसेना पर पहला जानलेवा हवाई हमला है।

इन हमलों पर राष्ट्रपति जो बाइडन की प्रतिक्रिया अब तक सावधानीपूर्ण रही है। बावजूद इसके कि उन पर रिपब्लिकनों का जबरदस्त दवाब है, जो चाहते हैं कि ईरान के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। मगर बाइडन ने कभी ऐसा करने का वायदा नहीं किया। उन्होंने उन अधिकांश हमलों को नजरअंदाज किया जिन्हें सफलतापूर्वक रास्ते में ही रोक लिया गया या जिनसे कुछ भी नुकसान नहीं हुआ या बहुत कम नुकसान हुआ। जो हमले ज्यादा गंभीर थे, उनके मामले में राष्ट्रपति ने सीमित जवाबी कार्यवाही की अनुमति दी। ऐसे कार्यवाहियों में लाल सागर में जहाजों पर हमले करने वाले यमन के हूतियों के खिलाफ कार्यवाही शामिल है। इनमें भी मुख्यतरू इमारतों, हथियारों और अधोसंरचना को निशाना बनाया गया। बाइडन अब तक ईरान–समर्थित हूती समूह, जो यमन के बड़े इलाके पर राज करता है, पर नौ बार हमले करवा चुके हैं।बावजूद इसके लाल सागर में मची अफरातफरी खघ्त्म होने का नाम नहीं ले रही है।

मगर 28 जनवरी के हमले को वे नजरअंदाज नहीं कर सकते। बाइडन ने साफ नहीं किया कि अब उनका इरादा क्या है मगर उसी अंदाज में जवाब देने की बात उन्होंने जरूर कही। एक बयान में उन्होंने कहा, षजिन तीन अमेरिकी सैनिकों को हमने खोया है, वे उच्चतम दर्जे के देशभक्त थे। हम उनके गौरव और उनकी वीरता की बराबरी करने की कोशिश करेंगे। हम आतंकवाद से लडने की उनकी प्रतिबद्धता को आगे ले जाएंगे। और इसमें कोई संदेह नहीं कि अपनी पसंद के तरीके से और अपने पसंद के समय पर, हम उन लोगों का हिसाब करेंगे जो इसके लिए जिघ्म्मेदार हैं। जॉर्डन में अमरीकी सैनिकों की मौत ने रिपब्लिकनों को बाइडन पर हमलावर होने का मौका दिया है। उनका कहना है कि चूँकि बाइडन ने पिछले तीन महीनों में जबरदस्त हमले की इजाजत नहीं दी इसलिए ईरान और उसके पिऋ्रू समूहों को लगने लगा कि वे कुछ भी कर सकते हैं। इस बीच, डोनाल्ड ट्रम्प, जो बाइडन को हराकर अपना पुराना काम वापस पाने के राह पर हैं, ने इतवार को मीडिया से कहा कि, ष्अगर मैं राष्ट्रपति होता तो यह हमला होता ही नहीं। बिलकुल नहीं।ष हालाँकि तथ्य यह है कि ट्रम्प के राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल के दौरान भी ईरान और उससे जुड़े समूहों ने अमेरिका और उसके मित्र देशों पर हमले किये थे और एक मौके पर ट्रम्प ने बदले की कार्यवाही को रोक दिया था क्योंकि उन्हें लगा कि वह जरुरत से ज्यादा कड़ी थी। बाद में उन्होंने एक हमले का आदेश दिया था जिसमें एक शीर्ष ईरानी जनरल मारा गया था मगर जब इसके बाद ईरान ने मिसाइल हमले किये, जिनमें अमेरिकी सैनिक घायल हुए (हालाँकि उनमें से कोई मारा नहीं गया), तब ट्रम्प ने जवाबी कार्यवाही की अनुमति नहीं दी।

जो बाइडन दुविधा में हैं।लड़ाई तेज होता जा रहा है, कई इजराइली अब भी हमास के कब्जे में है और गाजा में हालात गंभीर होते जा रहे हैं। अमेरिकी मीडिया में आ रही खघ्बरों से ऐसा लगता है कि जवाबी सैन्य कार्यवाही अपरिहार्य बन गयी है। मगर सवाल यह है कि जो बाइडन कहाँ तक जाना चाहेंगे, विशेषकर इसलिए क्योंकि जल्द ही उन्हें डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ चुनावी समर में कूदना है।अमेरिका ने ईरान की जमीन पर 1980 के बाद से अब तक कोई सैन्य कार्यवाही नहीं की है। और तब भी बंदियों को छुड़ाने का प्रयास असफल हो गया था। सन 1988 के बाद से अब तक, अमेरिका ने ईराक और सीरिया के अलावा कहीं भी ईरानी सेना पर हमले नहीं किये हैं। सन 1988 में उसने ईरानी नेवी पर हमला किया था। अगर ईरान के खिलाफ सीधा लड़ाई होता है तो उससे तेल की कीमतों में भारी इजाफा अवश्यम्भावी है, विशेषकर अगर फारस की खाड़ी से जहाजों की आवाजाही बंद हो जाती है या ईरान, सऊदी अरब के तेल प्रतिष्ठानों पर हमला करता है। ब्रेंट क्रूड आयल की कीमत पहले ही बढ़ रही है। एक बैरल की कीमत दिसंबर की शुरुआत में 73 डॉलर थी जो 26 जनवरी को 84 डॉलर तक पहुँच गयी थी। अगर यह और बढ़ती है तो उसका असर अमेरिका के पेट्रोल पंपों से बेचे जाने वाले ईंधन पर पड़ेगा और चुनावी साल में बाइडन बिलकुल नहीं चाहेंगे कि ऐसा हो।जहाँ तक ईरान का सवाल है, वह चाहेगा कि मध्यपूर्व में लड़ाई का क्षेत्र और विस्तृत हो मगर अमेरिका से सीधे भिडने में वह परहेज ही करेंगे। उसे मालूम है कि इसके बहुत नुकसानदायक नतीजे हो सकते हैं। अभी कुछ समय पहले तक अमेरिकी अधि ाकारियों को लग रहा था कि ईरान शायद उसके द्वारा समर्थित समूहों पर लगाम लगाएगा। मगर जॉर्डन पर हमले से यह कयास गलत साबित हो गए हैं।बाइडन दबाव में हैं। उनकी रेटिंग गिर रही हैं। हाल में हुए एक गैलप पोल से जाहिर हुआ है कि केवल 41 प्रतिशत अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में उनके निर्णयों को सही मानते है। इतनी कम रेटिंग इससे पहले केवल एक अन्य अमेरिकी राष्ट्रपति की थी। अऋाईस जनवरी के हमले की बाद बाइडन को निश्चित ही बड़ा हमला करना होगा। और यह हमला तब होगा जब अमेरिका इजराइल–हमास लड़ाई में अस्थाई विराम लाने के लिए मध्यस्थता करने का इच्छुक है। उसे यह उम्मीद भी थी कि बंधकों की रिहाई के मसले में वह कोई समझौता करा सकेगा जिससे या तो लड़ाई खघ्त्म हो जायेगा या उसकी तीव्रता इतनी घट जाएगी कि उससे दूसरे स्थानों में तनाव नहीं बढेगा। बाइडन चाहते थे कि वे शांति के माहौल में चुनाव लड़ सकें। मगर शायद इसका उल्टा होने जा रहा है।

## आज का राशिफल

मेष राशि– आज आपका दिन नयी उमंगें लेकर आया है। काफी समय से किसी बात से परेशान लोग आज उसका समाध ाान ढूंढ लेंगे। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन उलझन में रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित होंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में बीतेगा, यह देखकर आपके घर को खघ्ुशी होगी।

वृष राशि–आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज कोई अच्छी खबर आपको मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे उनके मन की बातों को समझेंगे। काफी समय से आपके रिश्ते की बात चल रही थी वो जल्द पक्की होगी। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से प्रसन्नता होगी।

मिथुन राशि–आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वाहन करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञों को लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आयेगी। आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द की वृद्धि होगी। कारोबार में आज सेल में बढ़ोतरी होगी जिससे अच्छी खासी इनकम होगी।

कर्क राशि–आज आपका दिन खघ्ुशी से भरा रहेगा। आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। इसके साथ ही आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे आपको अच्छा लगेगा। आज आपके अंदर त्याग और सहयोग की भावना रहेगी। आज बेटी के परीक्षा के अच्छे रिजल्ट से पारिवारिक माहौल खुशनुमा बनेगा।

सिंह राशि–आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में अपनापन बढ़ेगा। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढ़ेगा। शिक्षकों के ट्रांसफर की परेशानियां खत्म होंगी। आप जहाँ चाहते हैं ट्रान्सफर वहीँ होगा।

कन्या राशि–आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपकी वाणी में कठोरता आ सकती है दूसरों के प्रति स्नेह भाव बनाएं रखें। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से बचना चाहिए। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। आज आपको आय के नवीन स्रोत मिलेंगे। दांपत्य जीवन के लिए थोड़ा समय निकालेंगे जिससे रिश्ते में अपनापन बढ़ेगा।

तुला राशि–आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी महत्वपूर्ण चर्चा में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी खासी रहेगी। कोई प्रिय मित्र आपसे किसी विशेष विषय को लेकर बातचीत कर सकता है। आज कोई काम आपको सोंच विचार कर करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी। दांपत्य जीवन में संतोष की वृद्धि होगी।

वृश्चिक राशि–आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज आपके स्वास्थ में बेहतरी बनी रहेगी। आज सोंची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जमीन जायदाद से जुड़े कार्य तेजी से आगे बढ़ेंगे। आज परिवार का कोई संपत्ति संबंधित समस्या सुलझ सकता है, जिसमें आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद भी मिलेगी।

धनु राशि–आज आपका दिन सुख शांति से भरा रहेगा। पुत्र पक्ष से सहयोग मिलेगा। आपसी रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जायेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा। लोग आपके कार्य से खुश होंगे। आज आपको प्रमोशन से जुडी खबर मिल सकती है। ऑफिस में अपना रिकॉर्ड अच्छा बनाये रखें। दांपत्य जीवन में चल रही अनबन आज समाप्त होगी।

मकर राशि–आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे उसमे उन्नति हासिल करेंगे। आज आपकी सभी परेशानियों का अंत होगा। सफलता की नयी किरण दिखाई देगी। आर्थिक क्षेत्र में विकास के योग बन रहे हैं। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा।

कुंभ राशि–आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके सोचे हुए कार्य एक–एक करके पूरे होते जायेंगे, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपके कारोबार में सुखद बदलाव आयेगा, आय में बढ़ोतरी होगी। इस राशि के प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों को समझदारी से तैयारी करनी चाहिए। लवमेट की काफी समय बाद कॉल पर बात होगी। माता पिता की जिम्मेदारियों को उठाने का पूर्ण प्रयास करेंगे।

मीन राशि–आज आपका दिन बढिया रहेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। आज आप इसकी तैयारी में व्यस्त रहेंगे। कविता लिखने के शौकीन लोगों को आगे बढने का प्लेटफार्म किसी दोस्त की मदद से मिलेगा।

# ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के अंदर पूजा की अनुमति देने वाले आदेश का हिंदू–अमेरिकी समूह ने किया स्वागत, बताया ऐतिहासिक फैसला

हिंदू श्रद्धालु अब मस्जिद के अंदर एक प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रार्थना कर सकते हैं, जिसे श्व्यास का तेखानाश कहा जाता है। आधा दर्जन से अधिक हिंदू अमेरिकी समूहों के साथ विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका (वीएचपीए) ने एक बयान में इसे ऐतिहासिक फैसला बताया। प्रतिष्ठित हिंदू अमेरिकी समूह ने वाराणसी जिला अदालत के आदेश का स्वागत किया है, जिसमें ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में मूर्तियों के सामने हिंदू प्रार्थना की अनुमति दी गई है। अदालत के आदेश के अनुसार, हिंदू श्रद्धालु अब मस्जिद के अंदर एक प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रार्थना कर सकते हैं, जिसे श्व्यास का तेखानाश कहा जाता है। आधा दर्जन से अधिक हिंदू अमेरिकी समूहों के साथ विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका (वीएचपीए) ने एक बयान में इसे ऐतिहासिक फैसला बताया। वीएचपीए माननीय न्यायालय के विचारशील और न्यायपूर्ण निर्णय के लिए गहरी सराहना व्यक्त करता है। गुरुवार को एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया, यह ऐतिहासिक फैसला उन अधिकारों को बहाल करता है जो नवंबर 1993 में हिंदुओं से गैरकानूनी तरीके से छीन लिए गए थे। जिला न्यायाधीश द्वारा तहखाने में हिंदू प्रार्थनाओं को फिर से शुरू करने की अनुमति देने के आदेश के लगभग आठ घंटे बाद, बुधवार रात को मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में एक पूजा आयोजित की गई थी, यह प्रथा तीन दशक



पहले बंद कर दी गई थी। कुछ घंटों बाद, मस्जिद समिति ने उस आदेश पर रोक लगाने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट और इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। इसमें कहा गया है, वीएचपीए इस बात पर जोर देता है कि यह मामला मूल रूप से संपत्ति के अधिकारों के बारे में है और किसी अल्पसंख्यक समूह के खिलाफ संघर्ष नहीं है।

हिंदू पक्ष द्वारा प्रस्तुत अकाट्य सबूतों पर आधारित निर्णय, न्याय के सिद्धांतों के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।

# भारत–मालदीव के बीच दूसरे कोर ग्रुप की बैठक, सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने पर चर्चा

नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय में हुई कोर ग्रुप की बैठक में किसी भी पक्ष की ओर से कोई बयान नहीं आया। मामले से परिचित लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस मामले पर दोनों पक्षों के बीच मतभेद बने हुए हैं। भारत और मालदीव ने दोनों पक्षों के बीच तनावपूर्ण संबंधों की पृष्ठभूमि में हिंद महासागर द्वीपसमूह से सभी भारतीय सैन्य कर्मियों की वापसी की माले की मांग पर शुक्रवार को दूसरे दौर की वार्ता की। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत से 15 मार्च तक सैन्य कर्मियों को वापस लेने के लिए कहा था, जब दोनों देशों द्वारा गठित उच्च स्तरीय कोर ग्रुप ने 14 जनवरी को माले में अपनी पहली बैठक की थी। उस समय, मालदीव ने एक बयान में इसका विरोध किया था। दोनों पक्ष कर्मियों की तेजी से वापसी पर सहमत हुए, लेकिन भारतीय पक्ष ने कहा था कि इस मुद्दे पर और चर्चा की जाएगी। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय में हुई कोर ग्रुप की बैठक में किसी भी पक्ष की ओर से कोई बयान नहीं आया। मामले से परिचित लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस मामले पर दोनों पक्षों के बीच मतभेद बने हुए हैं। पिछले महीने दुबई में ब्व्28 बैठक के इतर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और मुइजू के बीच एक



बैठक के बाद कोर ग्रुप का गठन किया गया था। मुइजू द्वारा अपने देश को चीन के करीब ले जाने और स्वास्थ्य देखभाल और खाद्य सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भारत पर निर्भरता कम करने के लिए कई कदम उठाने के बाद भारत–मालदीव संबंधों में काफी तनाव आ गया है। मुइजू, जिनका पिछले साल के राष्ट्रपति चुनाव का अभियान ष्भारत बाहरष मंच पर केंद्रित था, ने नई दिल्ली से दो हेलीकॉप्टरों और एक विमान को संचालित करने के लिए मालदीव में तैनात 75 से अधिक सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने का आह्वान किया है, जिनका उपयोग मुख्य रूप से चिकित्सा निकासी के लिए

# युद्ध शुरू नहीं करेगा ईरान, धमकाने वालों को जवाब जरूर देंगे, राष्ट्रपति रायसी ने किया साफ



रायसी ने कहा कि इससे पहले, जब वे (अमेरिकी) हमसे बात करना चाहते थे, तो उन्होंने कहा कि सैन्य विकल्प मेज पर है। अब वे कहते हैं कि उनका ईरान के साथ संघर्ष का कोई इरादा नहीं है।पिछले महीने ईरान समर्थित समूह द्वारा जॉर्डन में अपने बेस पर हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों के मारे जाने के बाद अमेरिका कैसे जवाबी कार्रवाई कर सकता है, इसकी अटकलों के बीच, ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश युद्ध शुरू नहीं करेगा, बल्कि ष्कड़ी प्रतिक्रिया देगाष ष्जिस किसी ने भी इसे धमकाने की कोशिश की। सीबीएस न्यूज ने अमेरिकी अधिकारियों का हवाला देते हुए गुरुवार को बताया कि वाशिंगटन ने इराक और सीरिया में ईरानी कर्मियों और उन देशों में सुविधाओं सहित कई लक्ष्यों के खिलाफ बहु–दिवसीय हमलों की योजना को मंजूरी दे दी है। रायसी ने एक टेलीविजन भाषण में कहा कि हम कोई युद्ध शुरू नहीं करेंगे, लेकिन अगर कोई हमें धमकाना चाहता है तो उन्हें कड़ी प्रतिक्रिया मिलेगी। रायसी ने कहा कि इससे पहले, जब वे (अमेरिकी) हमसे बात करना चाहते थे, तो उन्होंने कहा कि सैन्य विकल्प मेज पर है। अब वे कहते हैं कि उनका ईरान के साथ संघर्ष का कोई इरादा नहीं है। रायसी ने कहा कि क्षेत्र में इस्लामिक गणराज्य की सैन्य शक्ति किसी भी देश के लिए खतरा नहीं है और न ही कभी रही है। बल्कि, यह सुरक्षा सुनिश्चित करती है जिस पर क्षेत्र के देश भरोसा कर सकते हैं और भरोसा कर सकते हैं। चार अमेरिकी अधिकारियों ने रॉयटर्स को बताया कि अमेरिका ने आकलन किया है कि जिस ड्रोन ने उसके तीन सैनिकों को मार डाला और 40 से अधिक लोगों को घायल कर दिया, वह ईरान द्वारा बनाया गया था। सूत्रों ने कहा कि ईरान के विशिष्ट रिवोल्यूशनरी गार्ड वरिष्ठ अधिकारियों को सीरिया से बाहर निकाल रहे हैं। ईरानी सलाहकार इराक, जहां अमेरिका के पास लगभग 2,500 सैनिक हैं, और सीरिया, जहां उसके 900 हैं, दोनों में सशस्त्र समूहों की सहायता करते हैं।

# युद्ध शुरू नहीं करेगा ईरान, धमकाने वालों को जवाब जरूर देंगे, राष्ट्रपति रायसी ने किया साफ

रायसी ने कहा कि इससे पहले, जब वे (अमेरिकी) हमसे बात करना चाहते थे, तो उन्होंने कहा कि सैन्य विकल्प मेज पर है। अब वे कहते हैं कि उनका ईरान के साथ संघर्ष का कोई इरादा नहीं है।

पिछले महीने ईरान समर्थित समूह द्वारा जॉर्डन में अपने बेस पर हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों के मारे जाने के बाद अमेरिका कैसे जवाबी कार्रवाई कर सकता है, इसकी अटकलों के बीच, ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश युद्ध शुरू नहीं करेगा, बल्कि ष्कड़ी प्रतिक्रिया देगा ष्जिस किसी ने भी इसे धमकाने की कोशिश की। सीबीएस न्यूज ने अमेरिकी अधिकारियों का हवाला देते हुए गुरुवार को बताया कि वाशिंगटन ने इराक और सीरिया में ईरानी कर्मियों और उन देशों में सुविधाओं सहित कई लक्ष्यों के खिलाफ बहु–दिवसीय हमलों की योजना को मंजूरी दे दी है। रायसी ने एक टेलीविजन भाषण में कहा कि हम कोई युद्ध शुरू नहीं करेंगे, लेकिन अगर कोई हमें धमकाना चाहता है तो उन्हें कड़ी प्रतिक्रिया मिलेगी। रायसी ने कहा कि इससे पहले, जब वे (अमेरिकी) हमसे बात करना चाहते थे, तो उन्होंने कहा कि सैन्य विकल्प मेज पर है। अब वे कहते हैं कि उनका ईरान के साथ संघर्ष का कोई इरादा नहीं है। रायसी ने कहा कि क्षेत्र में इस्लामिक गणराज्य की सैन्य शक्ति किसी भी देश के लिए खतरा नहीं है और न ही कभी रही है। बल्कि, यह सुरक्षा सुनिश्चित करती है जिस पर क्षेत्र के देश भरोसा कर सकते हैं और भरोसा कर सकते हैं। चार अमेरिकी अधिकारियों ने रॉयटर्स को बताया कि अमेरिका ने आकलन किया है कि जिस ड्रोन ने उसके तीन सैनिकों को मार डाला और 40 से अधिक लोगों को घायल कर दिया, वह ईरान द्वारा बनाया गया था।

इसे भी पढ़ेंरू मोसाद ने ईरान में कर दिया क्या बड़ा, अब 4 लोगों को दी गई फांसी की सजा सूत्रों ने कहा कि ईरान के विशिष्ट रिवोल्यूशनरी गार्ड वरिष्ठ अधिकारियों को सीरिया से बाहर निकाल रहे हैं। ईरानी सलाहकार इराक, जहां अमेरिका के पास लगभग 2,500 सैनिक हैं, और सीरिया, जहां उसके 900 हैं, दोनों में सशस्त्र समूहों की सहायता करते हैं।

# चुनाव से पहले पैसे का मोहताज पाकिस्तान बेचेगा अपनी राष्ट्रीय एयरलाइन, भारत के साथ जंग में शामिल बीआईए की किस्मत कैसे डूब गई ?

अतीत में निर्वाचित सरकारें ध्वजवाहक की बिक्री सहित अलोकप्रिय सुधार करने से कतराती रही हैं। लेकिन गहरे आर्थिक संकट में फंसे पाकिस्तान ने जून में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ 3 अरब डॉलर के बेलआउट समझौते के तहत घाटे में चल रहे राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों को खत्म करने पर सहमति व्यक्त की। 8 फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार घाटे में चल रही पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस को बेचने की योजना बना रही है। एयरलाइन को बेचने की योजना के बारे में पूछे जाने पर निजीकरण मंत्री फवाद हसन फवाद ने रॉयटर्स से कहा कि हमारा काम 98 फीसदी पूरा हो चुका है। शेष दो फीसदी को कैबिनेट की मंजूरी के बाद एक्सेल शीट पर लाना बाकी है। अतीत में निर्वाचित सरकारें ध्वजवाहक की बिक्री सहित अलोकप्रिय सुधार करने से कतराती रही हैं। लेकिन गहरे आर्थिक संकट में फंसे पाकिस्तान ने जून में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ 3 अरब डॉलर के बेलआउट समझौते के तहत घाटे में चल रहे राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों को खत्म करने पर सहमति व्यक्त की।सरकार बजट समझौते की शर्तों के अनुसार पीआईए की बिक्री से प्राप्त धन का उपयोग मूल भुगतान को कवर करने के लिए करेगी। पाकिस्तान स्थित एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, बैंक प्रत्येक वर्ष ब्याज भुगतान में 32.2 बिलियन पाकिस्तानी रुपये



(पीकेआर) के बदले 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर के साथ 10 साल का ऋण रोलओवर स्वीकार करेंगे। परिणामस्वरूप, बैंकों को एक दशक में कुल 322 बिलियन पीकेआर का ब्याज भुगतान प्राप्त होगा, जो बकाया स्टॉक में 268 बिलियन पीकेआर से अधिक होगा। एएनआई के मुताबिक, पीकेआर 572 बिलियन का भुगतान 12 प्रतिशत ब्याज दर पर दस वर्षों में बैंकों को किया जाएगा। वित्त मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का समर्थन मांगा जाएगा। सूत्रों का दावा है कि बैंक अपने निदेशक मंडल से मंजूरी मांगेंगे। मार्च 2023 में पीआईए ऋण पर ब्याज का भुगतान बंद करने के पाकिस्तान वित्त मंत्रालय के फैसले के बाद, सरकार और पीआईए प्रबंधन ने निजीकरण की संभावनाएं तलाशना शुरू कर दिया। हालाँकि, चिंताएँ बनी हुई हैं कि बैंकों के ऋण पुनर्गठन और वित्त मंत्रालय द्वारा पीआईए ऋण स्वामित्व के हस्तांतरण ने एयरलाइन की प्राथमिक चिंता को कम कर दिया, जिससे बैलेंस शीट से इसका सबसे बड़ा मासिक शुल्क समाप्त हो गया। फवाद ने कहा कि लेनदेन सलाहकार अर्न्स्ट एंड यंग द्वारा तैयार की गई योजना को चुनाव के बाद प्रशासन का कार्यकाल समाप्त होने से पहले मंजूरी के लिए कैबिनेट में पेश किया जाएगा। फवाद ने कहा, कैबिनेट यह भी तय करेगी कि हिस्सेदारी निविदा के जरिए बेची जाए या सरकार–से–सरकारी सौदे के जरिए। फवाद ने कहा कि हमने केवल चार महीनों में जो किया है वह पिछली सरकारें एक दशक से अधिक समय से करने की कोशिश कर रही थीं। पीछे मुड़कर नहीं देखा जा सकता।ष निजीकरण प्रक्रिया का विवरण पहले नहीं बताया गया है। यदि मार्च में मौजूदा बेलआउट कार्यक्रम समाप्त होने के बाद आने वाली सरकार आईएमएफ में वापस जाती है तो निजीकरण पर प्रगति एक प्रमुख मुद्दा होगी। कार्यवाहक वित्त मंत्री शमशाद अख्तर ने पिछले साल संवाददाताओं से कहा था कि पाकिस्तान को आईएमएफ कार्यक्रमों की समाप्ति के बाद भी इसमें बने रहना होगा। प्रक्रिया से जुड़े दो सूत्रों ने रॉयटर्स को बताया कि अर्न्स्ट एंड यंग की 1,100 पेज की रिपोर्ट के तहत, एयरलाइन के ऋणों को एक अलग इकाई में रखने के बाद खरीदारों को पूर्ण प्रबंधन नियंत्रण के साथ 51 प्रतिशत हिस्सेदारी की पेशकश की जाएगी। पीआईए के प्रवक्ता अब्दुल्ला हफीज खान ने कहा कि एयरलाइन निजीकरण प्रक्रिया में सहायता कर रही है और लेनदेन सलाहकार को पूर्ण सहयोग दे रही है। एयरलाइन पर भारी कर्ज एयरलाइन की वित्तीय कठिनाइयों को उभरती क्षेत्रीय एयरलाइनों से प्रतिस्पर्धा, कुप्रबंधन और बेड़े के विस्तार के लिए अपर्याप्त धन के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। पिछले साल जून तक पीआईए पर पीकेआर 785 बिलियन (+2.81 बिलियन) की देनदारियां थीं और पीकेआर 713 बिलियन का संचित घाटा था। रॉयटर्स के अनुसार, इसके सीईओ ने कहा है कि 2023 में घाटा 112 बिलियन पीकेआर होने की संभावना है। 31 दिसंबर 2022 तक, राष्ट्रीय एयरलाइन का ऋण और देनदारियां च्ज्ञत 743 बिलियन (+2.50 बिलियन) थी, जो इसकी संपत्ति के कुल मूल्य से पांच गुना अधिक थी। विमानन मंत्रालय ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष (2022–23) में इसका घाटा च्ज्ञत 86.5 बिलियन (+291 मिलियन) था। भारत के साथ युद्ध में पीआईए की भूमिका 1965 के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के दौरान पीआईए ने बोइंग, सुपर कॉन्स्टेलेशन और विस्काउंट्स का उपयोग करके विशेष उड़ानें संचालित करके सशस्त्र बलों को रसद पहुंचाने में प्रमुख भूमिका निभाई।

# 1एमडीबी घोटाला केस, पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक की जेल की सजा की गई आधी

अनवर ने भ्रष्टाचार विरोधी मंच पर अभियान चलाया, लेकिन त्रिशंकु संसद में समाप्त हुए चुनाव के बाद नवंबर 2022 में सरकार बनाने के लिए नजीब की भ्रष्टाचार–दागी पार्टी, यूनाइटेड नेशनल मलय ऑर्गनाइजेशन (यूएमएनओ) से हाथ मिला लिया। मलेशिया ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक की जेल की सजा आधी कर दी, जिन्हें अरबों डॉलर के 1एमडीबी घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग का दोषी ठहराया गया था, इस कदम से प्रधान मंत्री अनवर इब्राहिम की भ्रष्टाचार से लड़ने की प्रतिबद्धता के बारे में और सवाल उठने की उम्मीद है। अनवर ने भ्रष्टाचार विरोधी मंच पर अभियान चलाया, लेकिन त्रिशंकु संसद में समाप्त हुए चुनाव के बाद नवंबर 2022 में सरकार बनाने के लिए नजीब की भ्रष्टाचार–दागी पार्टी, यूनाइटेड नेशनल मलय ऑर्गनाइजेशन (यूएमएनओ) से हाथ मिला लिया। नजीब की सजा में कमी उन आरोपों के बीच हुई है कि पिछले साल नजीब और अन्य यूएमएनओ नेताओं से जुड़े भ्रष्टाचार के कई मामले हटाए जाने के बाद अनवर प्रशासन सुधारों से पीछे हट रहा है। मलेशिया के क्षमा सचिवालय के एक बयान के अनुसार, अगस्त 2022 में 12 साल की जेल की सजा काटने वाले नजीब को 2028 में रिहा कर दिया जाएगा और उन पर लगाया गया जुर्माना 210 मिलियन रिंगिट से घटाकर 50 मिलियन रिंगिट (10.59 मिलियन अमेरिकी डॉलर) कर दिया



जाएगा। मलेशिया के राजा की अध्यक्षता वाले बोर्ड ने नजीब की सजा आधी करने का कोई कारण नहीं बताया। इसमें कहा गया है कि अगर नजीब दिए गए जुर्माने का भुगतान करने में विफल रहे, तो उनकी जेल की सजा पर एक साल का अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय और नजीब के प्रतिनिधियों ने टिप्पणी के अनुरोधों का तुरंत जवाब नहीं दिया। नजीब को राज्य निधि 1मलेशिया विकास बरहाद (1एमडीबी) से जुड़े भ्रष्टाचार के लिए दोषी ठहराया गया था, जिसमें से अमेरिकी और मलेशियाई जांचकर्ताओं का अनुमान है कि 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर की चोरी हुई थी और 1 अरब डॉलर से अधिक पूर्व प्रधानमंत्री से जुड़े खातों में भेजे गए थे।

# नार्थ कोरिया ने फिर दागी कई मिसाइलें, आखिर क्या चाहते हैं किम जोंग उन ?

दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उसने कई मिसाइलों का पता लगाया है लेकिन उसने तुरंत कोई विशिष्ट संख्या या उनकी उड़ान विशेषताओं का आकलन नहीं दिया है। इसके ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सेनाएं पश्चिमी समुद्र में उत्तर कोरियाई मिसाइल प्रक्षेपण का विश्लेषण कर रही हैं।उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को समुद्र में क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया। यह 2024 में उत्तर कोरिया का चौथा क्रूज मिसाइल परीक्षण था। समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के अनुसार, यह परीक्षण उसके नेता किम जोंग उन द्वारा पश्चिमी तट पर नम्फो में एक शिपयार्ड में अनिर्दिष्ट नौसैनिक परियोजनाओं का निरीक्षण करने के कुछ घंटों बाद हुआ। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उसने कई मिसाइलों का पता लगाया है लेकिन उसने तुरंत कोई विशिष्ट संख्या या उनकी उड़ान विशेषताओं का आकलन





नहीं दिया है। इसके ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सेनाएं पश्चिमी समुद्र में उत्तर कोरियाई मिसाइल प्रक्षेपण का विश्लेषण कर रही हैं। ये प्रक्षेपण दक्षिण कोरिया, जापान और अमेरिका के साथ तनाव के बीच हुए हैं। हाल के महीनों में, किम ने परमाणु–सशस्त्र नौसेना बनाने के उत्तर के प्रयासों पर प्रकाश डाला है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने किम के शब्दों में कहा कि उनके नौसैनिक बल को मजबूत करना देश की समुद्री संप्रभुता की रक्षा करने और युद्ध की तैयारियों को आगे बढ़ाने में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। केसीएनए ने नम्फो में बनाए जा रहे युद्धपोतों के प्रकार को निर्दिष्ट नहीं किया, लेकिन कहा कि वे 2021 की शुरुआत में सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस के दौरान निर्धारित पांच साल की सैन्य विकास योजना से संबंधित थे। 2021 की बैठकों में किम ने उन्नत सेना की एक व्यापक इच्छा सूची का खुलासा किया संपत्ति, जिसमें परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां और परमाणु मिसाइलें शामिल थीं जिन्हें पानी के नीचे से लॉन्च किया जा सकता है। नाम्फो में अपने निरीक्षण के दौरान किम ने अपनी नौसैनिक परियोजनाओं की प्रगति और शेष तकनीकी की चुनौतियों की जाँच की। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को 2025 तक चलने वाली योजना की समय सीमा के भीतर प्रयासों को बिना शर्त पूरा करने का आदेश दिया।

# दुश्मनों को भारत का सीधा जवाब, पहली बार राफेल देश में करेगा मिसाइल फायर

वायु शक्ति अभ्यास के इस वर्ष के संस्करण म तेजस, मिराज 2000 और मिग–29 सहित सभी प्रमुख लड़ाकू विमान शामिल होंगे और निर्दिष्ट लक्ष्यों पर मिसाइलों और बमों को मारकर अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) 17 फरवरी को राजस्थान के पोखरण में 2024 वायु शक्ति अभ्यास के दौरान अपनी मारक क्षमता का पूरा प्रदर्शन करेगी। राफेल लड़ाकू जेट और प्रचंड हमले के हेलिकॉप्टर सहित सभी फ्रंटलाइन विमान इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ (वीसीएएस) एयर मार्शल एपी सिंह ने कहा कि राफेल लड़ाकू जेट और प्रचंड अटैक हेलिकॉप्टर समेत सभी फ्रंटलाइन विमान अभ्यास में हिस्सा लेंगे। हम अभ्यास में सेना की बंदूकें भी एयरलिफ्ट करेंगे। वायु शक्ति अभ्यास के इस वर्ष के संस्करण मेंैन–30डज्ञप्, स्ब। तेजस, मिराज 2000 और मिग–29 सहित सभी प्रमुख लड़ाकू विमान शामिल होंगे और निर्दिष्ट लक्ष्यों पर मिसाइलों और बमों को मारकर अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। अभ्यास में कुल 77 लड़ाकू विमान, 41 हेलीकॉप्टर और पांच परिवहन विमान हिस्सा लेंगे। इसमें सतह से हवा, हवा से हवा और हवा से जमीन पर मार करने वाले हथियारों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। वाइस चीफ एयर मार्शल ने यह भी कहा कि मेड इन इंडिया एलसीए तेजस, प्रचंड अटैक हेलीकॉप्टर और एएलएच ध्रुव हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि दो घंटे की



अवधि में हम 1–2 किमी के दायरे में लगभग 40–50 टन आयुध गिराएंगे। उन्होंने कहा कि अभ्यास के दौरान सेना रुद्र हेलिकॉप्टर से हथियार दागेगी और चिनूक हेलिकॉप्टर के नीचे सेना की अल्ट्रा लाइट हॉवित्जर तोपें प्रदर्शित की जाएंगी। राफेल लड़ाकू विमान और प्रचंड हेलिकॉप्टर पहली बार अभ्यास में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि सतह से हवा में मार करने वाली हथियार प्रणाली समर भी पहली बार अभ्यास में हिस्सा लेगी।

# दास–सहारन की शतकीय पारी की बदौलत भारत ने नेपाल को दिया 298 रन का लक्ष्य

भारत ने आईसीसी अंडर 19 वनडे विश्व कप के ग्रुप एक के अपने आखिरी सुपर सिक्स मैच में शुक्रवार को नेपाल के खिलाफ पांच विकेट पर 297 रन बनाये। सचिन धास (116) और कप्तान उदय सहारन (100) की शतकीय पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 215 रन की साझेदारी की। सचिन धास (116) और कप्तान उदय सहारन (100) की शतकीय पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 215 रन की साझेदारी के दम पर भारत ने आईसीसी अंडर 19 वनडे विश्व कप के ग्रुप एक के अपने आखिरी सुपर सिक्स मैच में शुक्रवार को नेपाल के खिलाफ पांच विकेट पर 297 रन बनाये। धास और सहारन ने उस समय भारतीय पारी को संभाला जब टीम 14वें ओवर में 62 रन पर तीन विकेट गंवा कर संघर्ष कर रही थी। धास ने 101 गेंद की अपनी आक्रामक पारी में 11 चौके और तीन छक्के जड़े जबकि सहारन ने धैर्य से बल्लेबाजी करते हुए 107 गेंद की पारी में नौ चौके की मदद से 100 रन



बनाये। दोनों के बीच 202 गेंद में 2015 रन की यह साझेदारी टूर्नामेंट में भारत की ओर से सबसे बड़ी साझेदारी है। धास और सहारन के शतकों के बाद मौजूदा विश्व कप में भारत के लिए शतक जड़ने वाले खिलाड़ियों की संख्या पांच हो गयी हैं। भारत ने अब तक खेले पांच मैचों में चार में 290 से ज्यादा का स्कोर किया है जिसमें से टीम दो बार 300 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रही है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को आदर्श सिंह ने 18 गेंद में 21 रन की पारी के साथ आक्रामक शुरुआत दिलाई लेकिन वह गुलशन झा की शॉट गेंद पर विकेटकीपर उत्तम मागर को कैच थमा बैठे। टीम को 14वें ओवर में तीन गेंद के अंदर दो झटके लगे। अर्शीन कुलकर्णी (18) आकाश चंद का शिकार बने जबकि प्रियांशु मोलिया (19) रन आउट हुए। सहारन ने इसके बाद एक छोर से संभल कर बल्लेबाजी की जबकि बल्लेबाजी क्रम में पदोन्नत किये गये धास ने अपना आक्रामक तेवर जारी रखा। धास इससे पहले छठे या सातवें क्रम पर बल्लेबाजी करते थे। उन्होंने 50 गेंद में टूर्नामेंट का अपना पहला अर्धशतक पूरा किया और इसके बाद ऑफ स्पिनर देव खनल के खिलाफ वाइड लांग ऑन पर छक्का लगाकर बड़े शॉट खेलने की अपनी प्रतिभा को दिखाया। वह सुभाष भंडारी की गेंद पर चौका लगाकर 99 के स्कोर तक पहुंचे और फिर अगली गेंद पर एक रन लेकर 93 गेंद में अपना शतक पूरा किया। सहारन ने आखिरी ओवर में गुलशन की गेंद पर एक रन चुरा कर शतक पूरा किया।

# आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से दी मात, डेब्यू मैच में जेवियर बार्टलेट ने झटके 4 विकेट

जेवियर बार्टलेट ने अपने पहले वनडे मैच में 17 रन देकर चार विकेट चटकाये जिससे ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज के शुरुआती वनडे में शुक्रवार को यहां 69 गेंद शेष रहते हुए वेस्टइंडीज को आठ विकेट से शिकस्त दी। तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट ने अपने पहले वनडे मैच में 17 रन देकर चार विकेट चटकाये जिससे ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज के शुरुआती वनडे में शुक्रवार को यहां 69 गेंद शेष रहते हुए वेस्टइंडीज को आठ विकेट से शिकस्त दी। एक दिन पहले कोविड–19 जांच में मामूली रूप से संक्रमित पाए गये जोश इंग्लिस ने 43 गेंदों में 65 रनों की आक्रामक पारी खेली। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर वेस्टइंडीज की टीम 48.4 ओवरों में 231 रन पर आउट हो गई। बार्टलेट ने अपने शुरुआती स्पैल में तीन विकेट झटके जिससे वेस्टइंडीज



ने 59 रन तक चार विकेट गंवा दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह पदार्पण मैच में किसी गेंदबाज का दूसरा सबसे अच्छा एकदिवसीय आंकड़ा है। इंग्लिस की आक्रामक पारी के बाद कप्तान स्टीव स्मिथ (नाबाद 79) और कैमरून ग्रीन (नाबाद 77) के शानदार नाबाद अर्धशतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 38.3 ओवर में दो विकेट पर 232 रन का स्कोर बना लिया। बार्टलेट ने पदार्पण कर रहे एक अन्य तेज गेंदबाज लांस मॉरिस के साथ एमसीजी की तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर शानदार गेंदबाजी की। यह 1997 (गाबा में एंडी बिकेल और एंथोनी स्टुअर्ट) के बाद पहला मौका है जब ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण का आगाज दो नये तेज गेंदबाजों ने किया। बार्टलेट ने अपनी तीसरी गेंद पर ही जस्टिन ग्रीव्स के ऑफ स्टंप को उखाड़ दिया। उन्होंने इसके बाद एलिक एथेनाज और कप्तान शाई होप को पवेलियन की राह दिखाई जिससे वेस्टइंडीज का स्कोर तीन विकेट पर 37 रन हो गया। केसी कार्टी (88) और रोस्टन चेस (59) ने इसके बाद पांचवें विकेट के लिए शतकीय साझेदारी कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। कार्टी हालांकि सीन एबोट के शानदार थ्रो पर रन आउट होने के कारण शतक पूरा करने से चूक गये। लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार लय में चल रहे ट्रेविस हेड (चार) पहले ओवर में ही मैथ्यू फोर्ड का शिकार बन गये। कोविड के कारण अलग ड्रेसिंग रूम में रहे इंग्लिस ने इसके बाद अपनी पारी में 10 चौके और छक्का लगाकर मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ बना दी। वह पारी के 12वें ओवर में गुडाकेश मोती की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद स्मिथ और ग्रीन ने 149 रन की अटूट साझेदारी कर टीम की जीत पक्की कर दी। श्रृंखला का दूसरा एकदिवसीय रविवार को सिडनी में खेला जायेगा।

# यशस्वी जायसवाल की पारी से प्रभावित हुए सचिन तेंदुलकर, तारीफ में लिखे महज दो शब्द

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने दमदार पारी खेलते हुए अपने करियर का दूसरा टेस्ट शतक लगाया। सीरीज के पहले टेस्ट में 80 रनों की पारी खेलने वाले यशस्वी ने अपनी दमदार फॉर्म को जारी रखते हुए एक और यादगार पारी खेली। उनकी पारी को देखकर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर भी काफी खुश हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच विशाखापट्टनम में खेला जा रहा है। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने दमदार पारी खेलते हुए अपने करियर का दूसरा टेस्ट शतक लगाया। सीरीज के पहले टेस्ट में 80 रनों की पारी खेलने वाले यशस्वी ने अपनी दमदार फॉर्म



को जारी रखते हुए एक और यादगार पारी खेली। उनकी पारी को देखकर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर भी काफी खुश हैं। सचिन तेंदुलकर ने यशस्वी के शतक के बाद उनकी फोटो शेयर करते हुए महज दो शब्दों का एक ट्वीट लिखा कि लेकिन ये दो शब्द पूरी दास्तान समझाने के लिए काफी हैं। टीम इंडिया में पहुंचने से पहले यशस्वी का जीवन संघर्ष से भरा रहा है। इंग्लैंड के क्वॉलिटी बॉलिंग अटैक का उन्होंने जिस तरह से सामना किया है, वह सच में तारीफ के काबिल है। यशस्वी ने छक्के के साथ शतक पूरा किया, उन्होंने शतक पूरा किया इसके बाद जिस तरह से उसे सेलिब्रेट किया, वह भी देखने लायक था। यशस्वी के इस खास शतक पर सचिन तेंदुलकर ने लिखा, यशस्वी भवरू।। मास्टर ब्लास्टर का ये ट्वीट यशस्वी के लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं है। मैच की बात करें तो रोहित शर्मा ने टॉस जीता और पहले बैटिंग का फैसला लिया। भारत के लिए कप्तान रोहित के साथ यशस्वी ने पारी का आगाज किया। 40 रनों पर रोहित शर्मा के रूप में टीम इंडिया को पहला झटका लगा। फिलहाल, दूसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त हो गया है। जहां स्टंप तक यशस्वी 179 रन और आर अश्विन 5 रन बनाकर नाबाद हैं। वहीं भारत का स्कोर 6 विकेट के नुकसान पर 336 रन है।

# इंग्लैंड के खिलाफ अजीबोगरीब तरीके से बोल्ड हुए रजत पाटीदार, किस्मत ने दिया धोखा–

रजत पाटीदार डेब्यू टेस्ट की पहली पारी में अच्छे टच में नजर आए। उन्होंने 72 गेंदों में 32 रन की पारी खेली। उनकी इस पारी में तीन चौके भी शामिल हैं। अर्धशतक की ओर बढ़ रहे पाटीदार को किस्मत ने धोखा दे दिया, जिसे वो जिंदगी भार नहीं भूल पाएंगे। विशाखापट्टनम में भारत बनाम इंग्लैंड दूसरा टेस्ट खेला जा रहा है। दूसरे टेस्ट का पहला दिन भले ही यशस्वी जायसवाल के नाम रहा, लेकिन इसी मुकाबले में रजत पाटीदार को टेस्ट डेब्यू का मौका मिला। पाटीदार डेब्यू टेस्ट की पहली पारी में अच्छे टच में नजर आए। उन्होंने 72 गेंदों में 32 रन की पारी खेली। उनकी इस पारी में तीन चौके भी शामिल हैं। अर्धशतक की ओर बढ़ रहे पाटीदार को किस्मत ने धोखा दे दिया, जिसे वो जिंदगी भर नहीं भूल पाएंगे। दरअसल, पाटीदार बेहद अजीब तरीके से बोल्ड हुए। उन्होंने यशस्वी जायसवाल के साथ चौथे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी की। पाटीदार ने 72वें ओवर की पहली गेंद पर अपना विकेट गंवाया। ये ओवर स्पिनर रेहान अहमद ने डाला। पाटीदार ने मिडिल स्टंप की लाइन में गेंद को डिफेंड करने का प्रयास किया। गेंद उनके बल्ले से लगने के बाद ग्लव्स को छूकर स्टंप्स की ओर चली गई। पाटीदार ने अपने दाहिने पैर से गेंद को रोकने की कोशिश की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ और गेंद विकेटों में घुस गई और बेल्स गिर गए। पाटीदार के इस तरह आउट होने पर सोशल मीडिया पर जमकर रिएक्शन वायरल हो रहे हैं। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन भारत की शुरुआत बेहद खराब रही। रोहित शर्मा के रूप में भारत को पहला झटका लगा। वे 40 रन के टीम स्कोर पर 14 रन ही बना पाए, वहीं उनके बाद शुभमन गिल 34 रन बनाकर आउट हो गए। केएस भरत भी अपने घेरलू मैदान पर कमाल नहीं कर सके। वह महज 17 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद अक्षर पटेल 27 रन, डेब्यू मैच खेल रहे रजत पाटीदार 32, श्रेयस अय्यर 27 रन बनाकर आउट हो गए।



# 41 साल की उम्र में जेम्स एंडरसन के नाम खास रिकॉर्ड, भारत में खेलने वाले सबसे उम्रदराज तेज गेंदबाज

भारत बनाम इंग्लैंड के दूसरे टेस्ट मुकाबले में तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया है। दरअसल, वह भारत में टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले सबसे बड़ी उम्र के तेज गेंदबाज बन गए हैं। एंडरसन की उम्र आज 41 साल 187 दिन है। विशाखापट्टनम में खेले जा रहे भारत बनाम इंग्लैंड के दूसरे टेस्ट मुकाबले में तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया है। दरअसल, वह भारत में टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले सबसे बड़ी उम्र के तेज गेंदबाज बन गए हैं। एंडरसन की उम्र आज 41 साल 187 दिन है। वह भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेल रहे हैं, उन्होंने पहला टेस्ट में नहीं खेला था। जेम्स एंडरसन से पहले ये रिकॉर्ड भारतीय तेज गेंदबाज लाला अमरनाथ के नाम था। अमरनाथ ने अपना आखिरी टेस्ट भारत में 41 साल की उम्र में खेला था। उस दौरान वह 41 साल 92 दिन के थे। वो मैच 1952 में पाकिस्तान के खिलाफ खेला गया था। जेम्स एंडरसन ने भारत भारत में टेस्ट खेलकर अमरनाथ का रिकॉर्ड तोड़ दिया, अब एंडरसन भारत में टेस्ट खेलने वाले सबसे बड़ी उम्र के तेज गेंदबाज बन गए हैं। वहीं इस मुकाबले में एंडरसन ने पहले दिन के पहले सेशन में शुभमन गिल के रूप में विकेट चटकाया। उनकी बाहर जाती इस शानदार गेंद पर गिल ऑफ साउड में खेलना चाहते थे लेकिन गेंद बल्ले का किनारा लेकर विकेट कीपर के हाथों में गई।

# दूसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म, भारत के स्टंप तक छह विकेट पर 336 रन

यशस्वी जायसवाल के नाबाद 179 रन की मदद से भारत ने शुक्रवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन स्टंप तक 6 विकेट गंवाकर 336 रन बना लिये। हैदराबाद में 80 रन की पारी खेलने वाले जायसवाल ने अपनी नाबाद पारी में अभी तक 17 चौके और छह छक्के लगाएं हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के नाबाद 179 रन की मदद से भारत ने शुक्रवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन स्टंप तक 6 विकेट गंवाकर 336 रन बना लिये। हैदराबाद में 80 रन की पारी खेलने वाले जायसवाल ने अपनी नाबाद पारी में अभी तक 17 चौके और छह छक्के लगाएं हैं। वहीं इस युवा बल्लेबाज ने श्रेयस अय्यर (27) के साथ 90 रन की भागीदारी निभायी। स्टंप तक आर अश्विन पांच रन बनाकर जायसवाल का साथ निभा रहे थे। इंग्लैंड के लिए शोएब बशीर और रेहान अहमद ने दो दो विकेट लिये। विशाखापट्टनम के वाईएस राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में शुक्रवार को भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन भारत की शुरुआत बेहद खराब रही। रोहित शर्मा के



रूप में भारत को पहला झटका लगा। वे 40 रन के टीम स्कोर पर 14 रन ही बना पाए, वहीं उनके बाद शुभमन गिल 34 रन बनाकर आउट हो गए। केएस भरत भी अपने घेरलू मैदान पर कमाल नहीं कर सके। वह महज 17 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद अक्षर पटेल 27 रन, डेब्यू मैच खेल रहे रजत पाटीदार 32, श्रेयस अय्यर 27 रन बनाकर आउट हो गए।

# माइग्रेन से फटा जा रहा सिर तो न करें ऐसी गलती, जानें क्या करें, क्या नहीं

माइग्रेन एक असहनीय सिरदर्द है जो कभी आधे तो कई पूरे सिर में हो सकता है. अगर इस दर्द का इलाज सही समय पर न कराया जाए तो समस्या गंभीर हो सकती है. माइग्रेन का कारण लाइफस्टाइल, टेंशन या मौसम के बदलाव भी हो सकता है. हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, इस दर्द से बचने का सिर्फ एक ही तरीका है कि समय पर इसकी पहचान कर इलाज कराया जाए. आइए जानते हैं माइग्रेन के बारें में सबकुछ... माइग्रेन के संकेत

माइग्रेन होने से पहले कुछ संकेत दिखने लगते हैं. जिन्हें प्रोड्रोम कहा जाता है. इसे प्री–हेडेक भी कहते हैं. सिर में हल्का सा दर्द भी माइग्रेन की शुरुआत हो सकती है. प्रोड्रोम के दौरान हल्के सिरदर्द के साथ कुछ संकेतों पर ध्यान देना चाहिए. अगर इस दौरान उबासी ज्यादा आए, यूरीन ज्यादा आए, मीठा खाने का मन होगा. ऐसे में समज जाएं कि यह माइग्रेन की शुरुआत है.माइग्रेन से पहले



बदलेगा व्यवहारमाइग्रेन के दूसरे लक्षणों पर भी ध्यान देना चाहिए. कुछ लोगों में माइग्रेन से कुछ घंटे पहले चिड़चिड़ापन होने लगता है. वे उदास हो जाते हैं. कई बार तो उनका उत्साह ही खत्म हो जाता है. इन लक्षणों के कुछ देर बाद माइग्रेन होने लगते हैं.नींद पैटर्न का बदलना

माइग्रेन से पहले लोगों को थकान होने लगती है, उनके नींद के पैटर्न भी बदल जाते हैं. या तो उन्हें ज्यादा नींद आने लगती है या फिर नींद ही नहीं लगती है. नींद में इस तरह के बदलाव माइग्रेन को ट्रिगर करती हैं. कई बार तेज रोशनी और आवाज से भी माइग्रेन ट्रिगर कर सकती है.पेट में समस्यामाइग्रेन में कई बार पाचन भी प्रभावित होता है. अगर कब्ज या दस्त जैसी समस्या हो रही है तो इसका कारण सिरदर्द भी हो सकता है. जब भी इस तरह के लक्षण नजर आएं तो तुरंत ही इलाज के लिए जाना चाहिए.माइग्रेन से बचने के तरीके1. कैफीन का सेवन जितना हो सके कम करें. माइग्रेन होने पर थोड़ी कैफीन का इस्तेमाल कर सकते हैं. 2. माइग्रेन में आराम दिलाने में मेडिटेशन काफी महत्वपूर्ण होता है. इससे दिमाग

# बालों के लिए खतरनाक हो सकता है ये हीट स्टाइलिंग टूल, हो जाएं सावधान


आजकल बालों को स्टाइल करने और नए–नए हेयर डिजाइन बनवाने का ट्रेंड बहुत कॉमन हो गया है. लोग अपने बालों को स्ट्रेट, कर्ली, वेवी, स्मूथ आदि अलग–अलग तरह के लुक देना पसंद करते हैं. इसके लिए वे हीट स्टाइलिंग टूल्स जैसे – हेयर स्ट्रेटनर, कर्लिंग आयरन, हेयर ड्रायर आदि का इस्तेमाल करते हैं. इन उपकरणों से बालों को आकर्षक शेप देना बहुत आसान हो गया है. इससे बालों को अलग–अलग शेप देकर डिजाइन बनाई जाती है. लेकिन हीट स्टाइलिंग टूल्स बालों के लिए काफी नुकसानदायक होता है. आइए जानते हैं यह कैसे बालों को नुकासन पहुंचा रहा है. बालों की नमी खत्मबालों में प्राकृतिक रूप से नमी मौजूद होती है जो उनका पोषण करती है और उन्हें स्वस्थ रखती है. लेकिन जब हम हीट स्टाइलिंग टूल का इस्तेमाल करते हैं, तो उनसे निकलने वाली अत्यधिक गर्मी, बालों से इस प्राकृतिक नमी को सोख लेती है. बालों का अंदरूनी हिस्सा नमी के अभाव



में सूखने लगता है. इससे बाल कमजोर होने लगते हैं और आसानी से टूटने व झडने लगते हैं. बालों से नमी निकलने से वे बेजान हो उठते हैं और उनकी चमक भी कम हो जाती है. इससे बाल रूखे, बेजान और टूटने लगते हैं.

बालों का प्रोटीन खत्म हो जाता है बालों के अंदर केरेटिन नामक एक प्रकार का प्रोटीन पाया जाता है. यही प्रोटीन बालों को मजबूती देता है और उन्हें हेल्दी बनाए रखता है. इस प्रोटीन की मौजूदगी से ही बालों की चमक आती है. लेकिन जब हम लगातार हीट स्टाइलिंग उपकरणों का प्रयोग करते हैं तो उससे निकलने वाली अधिक गर्मी के कारण केरेटिन प्रोटीन क्षतिग्रस्त होने लगता है. इससे बाल कमजोर और भंगुर होकर आसानी से टूटने लगते हैं. बालों में खुजली की समस्या बालों को स्टाइल करने के लिए हीट वाले उपकरणों का रोजाना और लगातार प्रयोग करने से स्कैल्प को भी काफी नुकसान पहुंच सकता है. जब हम बार–बार बालों को कर्ल करते हैं, स्ट्रेटन करते हैं तो उस हीट की वजह से स्कैल्प पर भी असर पड़ता है. स्कैल्प में रूसी जैसी समस्या होने लगती है और कभी–कभी तो खुजली जैसी परेशानी भी हो जाती है. इससे बचने के लिए हीट उपकरणों को सावधानी से इस्तेमाल करना चाहिए.

# संजय लीला भंसाली की मोस्ट अवेटेड सीरीज हीरामंडी का फर्स्ट लुक रिवील, जल्द नेटफ्लिक्स पर देगी दस्तक




संजय लीला भंसाली बॉलीवुड के मोस्ट पॉपुलर डायरेक्टर हैं. उनकी लैविश फिल्मों का फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है. संजय अब ओटीटी पर भी अपनी मोस्ट अवेटेड सीरीज हीरामंडी से डेब्यू कर रहे हैं. इस सीरीज को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है. ऐसे में मेकर्स ने मोस्ट अवेटेड नेटफ्लिक्स सीरीज श्हीरामंडीरू द डायमंड बाजार का फर्स्ट लुक रिवील कर दिया है.कलाकारों और निर्माताओं ने श्हीरामंडीय का पहला लुक जारी किया. यह उतना ही ग्रैंड, आकर्षक और ड्रामैटिक है जैसा कि संजय लीला भंसाली से उम्मीद की जाती है जो देवदास, बाजीराव मस्तानी और कई अन्य फिल्मों के लिए जाने जाते हैं. श्हीरामंडीय के साथ, संजय लीला भंसाली ने आजादी से पहले भारत में वेश्याओं के जीवन में प्यार और धोखे की कहानियों को अपने फ्लेवर के साथ बयां किया है. श्हीरामंडीय की पहली झलक ने दिखाया है कि कभी तवायफ भी रानी की तरह रहा करती थीं. इसके साथ इन तवायफों की महफिलों की शान–ओ–शौकत की झलक भी फर्स्ट लुक से मिल गई है.वीडियो की शुरुआत में मनीषा कोइराला अजीब सी मुस्कान के साथ नजर आती हैं. इसके बाद अदिति राव का रॉयल लुक नजर आता है. सोनाक्षी सिन्हा चेहरे पर गुस्से के तमाम भाव लिए नजर आती हैं. श्हीरामंडीय बाजार की तवायफों की कहानी की पहली झलक सिहरन पैदा करती है. ये सीरीज 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल–पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित वेश्याओं और उनके संरक्षकों की कहानियों के माध्यम से एक जिले हीरामंडी की सांस्कृतिक वास्तविकता को दिखाती है. इंस्टाग्राम पर फर्स्ट लुक शेयर करते हुए, नेटफ्लिक्स इंडिया ने कैप्शन में लिखा, यहां महान भारतीय निर्माता संजय लीला भंसाली की पहली सीरीज हीरामंडीरू द डायमंड का फर्स्ट लुक है! पिछले साल सीरीज के मेकर संजय लीला भंसाली ने कहा था, हीरामंडी एक फिल्म निर्माता के रूप में मेरी जर्नी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. यह एक महाकाव्य, अपनी तरह की पहली सीरीज है जो लाहौर की वेश्याओं पर बेस्ड है. यह एक महत्वाकांक्षी, भव्य सीरीज है, इसलिए मैं इसे बनाने को लेकर घबराया हुआ हूं लेकिन उत्साहित भी हूं. मैं नेटफ्लिक्स के साथ अपनी साझेदारी और हीरामंडी को दुनिया भर के दर्शकों के सामने लाने के लिए एक्साइटेड हूं.सीरीज में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख मुख्य भूमिका में हैं. शो की ऑफिशियल स्ट्रीमिंग डेट अभी अनाउंस नहीं की गई है. हालांकि, ये सीरीज 2024 में नेटफ्लिक्स पर आने की उम्मीद है.

# फाइटर ने दुनियाभर में फिर भरी ऊंची उड़ान, 7वें दिन 250 करोड़ का आंकड़ा किया पार



ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फाइटर दुनियाभर में तहलका मचा रही है. इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड एक और माइल स्टोन पार कर लिया है. देशभक्ति से लबरेज फिल्म फाइटर सिनेमाघरों में 25 जनवरी को रिलीज हुई थी. इस फिल्म को रिलीज के पहले दिन से ही दर्शकों का पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है. फाइटर में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण ने पहली बार स्क्रीन शेयर की है और दोनों की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री ने फैंस को दीवाना बना दिया है. फिल्म में अनिल कपूर, संजीदा शेख और करण सिंह ग्रोवर सहित कई कलाकारों ने दमदार अभिनय किया है. इसी के साथ फिल्म को वर्ल्डवाइड ऑडियंस से भी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. ऋतिक रोशन स्टारर इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड काफी शानदार कलेक्शन किया है. ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला विजयबालन ने फाइटर के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के आंकड़े शेयर किए हैं. इसके मुताबिक फिल्म ने दुनियाभर में 36.04 करोड़ से ओपनिंग की थी. दूसरे दिन फाइटर ने वर्ल्डवाइड 64.57 करोड़, तीसरे दिन 56.19 करोड़, चौथे दिन 52.74 करोड़,पांचवें दिन 16.33 करोड़ और छठे दिन 14. 95 करोड़ की कमाई की. वहीं वर्ल्डवाइड फाइटर ने रिलीज के सातवें दिन बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली. इस फिल्म ने 7वें दिन दुनियाभर में 11.70 करोड़ का कलेक्शन किया और इसी के साथ ये फिल्म 250 करोड़ के पार हो गई. फिल्म का 7 दिनों का कुल वर्ल्डवाइड कलेक्शन अब 252.52 करोड़ रुपये हो गया है. घरेलू बाजार में भी फाइटर ने रिलीज के सात दिनों में शानदार कलेक्शन कर लिया है.

फाइटर की घरेलू बाजार में कमाई की बात करें तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन 22.5 करोड़, दूसरे दिन 39.5 करोड़, तीसरे दिन 27.5 करोड़, चौथे दिन 29, पांचवें दिन 8 करोड़ और छठे दिन 7.5 करोड़ का बिजनेस किया था. रिपोर्ट के मुताबिक सातवें दिन फाइटर ने 6.35 करोड़ की कमाई की जिसके बाद अब फिल्म का टोटल कलेक्शन 140.35 करोड़ हो चुका है. फिल्म इस वीकेंड पर 150 करोड़ के क्लब में आसानी से शामिल हो जाएगी.

# वेंकटेश दग्गुबाती की एक्शन थ्रिलर सैंधव के ग्लोबल प्रीमियर की हुई घोषणा, 3 फरवरी को प्राइम वीडियो पर होगी स्ट्रीम



सैलेश कोलानु द्वारा निर्देशित और निहारिका एंटरटेनमेंट के बैनर तले वेंकट बोयानापल्ली द्वारा निर्मितय सैंधव में वेंकटेश दग्गुबाती के नेतृत्व में असाधारण कलाकार हैं, जिसमें श्रद्धा श्रीनाथ, रुहानी शर्मा, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, आर्य और एंड्रिया जेरेमिया प्रमुख भूमिकाओं में हैं।भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन स्थल, प्राइम वीडियो ने आज तेलुगु एक्शन थ्रिलर, सैंधव के स्ट्रीमिंग प्रीमियर की घोषणा की। शैलेश कोलानू द्वारा निर्देशित और निहारिका एंटरटेनमेंट के बैनर तले वेंकट बोयानापल्ली द्वारा निर्मित इस फिल्म में वेंकटेश दग्गुबाती मुख्य भूमिका में हैं, साथ ही श्रद्धा श्रीनाथ, रुहानी शर्मा, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, आर्य और एंड्रिया जेरेमिया भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सैंधव 3 फरवरी को विशेष रूप से भारत और दुनिया भर के 240 देशों और क्षेत्रों में तेलुगु और तमिल में स्ट्रीम होगा। सैंधव प्राइम सदस्यता में नवीनतम जुड़ाव का प्रतीक है। भारत में प्राइम सदस्य केवल ?1499ध्वर्ष में एक ही सदस्यता में बचत, सुविधा और मनोरंजन का आनंद लेते हैं।गहरी भावनाओं और गहन एक्शन की एक दिलचस्प यात्रा पर निकलते हुए, वेंकटेश दग्गुबाती ने सैंधव कोनेरू उर्फ सैको की भूमिका निभाई है। एक समय छायादार अतीत में उलझे रहने के बाद, साइको ने तब से एक स्नेही पिता की जिम्मेदारियों को स्वीकार कर लिया है और अपनी बेटी गायत्री के साथ एक साधारण पारिवारिक जीवन जी रहे हैं। हालाँकि, शांति तब बिखर जाती है जब गायत्री को जीवन–घातक स्वास्थ्य स्थिति का पता चलता है। गंभीर स्थिति का सामना करते हुए, साइको किसी भी कीमत पर अपनी बेटी को बचाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ अंडरवर्ल्ड में वापस चला जाता है। यह उनके पिछले विरोधियों के खिलाफ एक अथक लड़ाई के लिए मंच तैयार करता है, उनमें निर्दयी गैंगस्टर विकास मलिक भी शामिल है, जिसका किरदार नवाजुद्दीन सिद्दीकी निभा रहे हैं, जो अपना तेलुगु डेब्यू कर रहे हैं। जैसे–जैसे साइको समय के विरुद्ध दौड़ रहा है, यह सवाल बड़ा उठता जा रहा हैरू क्या वह अपनी बेटी को आसन्न त्रासदी के चंगुल से बचाने में सफल होगा?

# इमरान हाशमी–नसीरुद्दीन शाह की सीरीज शो टाइम का फर्स्ट लुक हुआ जारी



इमरान हाशमी और नसीरुद्दीन शाह स्टारर सीरीज श्शोटाइमय का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. वहीं मेकर्स ने फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाते हुए इस सीरीज का फर्स्ट लुक रिवील कर दिया है. इस सीरीज में मौनी रॉय, राजीव खंडेलवाल, विजय राज और श्रिया सरन भी अहम रोल में नजर आएंगें. श्शोटाइमय ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नीहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी. इसका निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है. शोटाइम सीरीज कैमरे के पीछे छिपी अनदेखी दुनिया की कहानी बयां करेगी.

ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नीहॉटस्टार ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर श्शोटाइमय का फर्स्ट लुक शेयरक किया है. सीरीज के फर्स्ट लुक में सभी कलाकार काफी इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं. जैसे ही इस सीरीज का पोस्टर शेयर किया गया फैंस ने भी कमेंट सेक्शन में तारीफ करना शुरू कर दिया. कई यूजर्स ने मौनी रॉय की तारीफ की है. एक ने लिखा, एक बैकग्राउंड डांसर से लेकर बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अभिनेत्री तक. एक अन्य ने लिखा, क्योंकि सास भी कभी बहू थी से लेकर ब्रह्मास्त्र, दिल्ली का सुल्तान, अब शो–टाइम !! मौनी रॉय बहुत आगे आ गई हैं.

इस सीरीज के बारे में बात करते हुए, करण जौहर ने कहा था, शोटाइम एक ऐसी सीरीज है जो मेरे दिल के बहुत करीब है, यह शोबिज के पावर स्ट्रग्ल पर करीब से नजर डालती है. यह शो यह सुनिश्चित करेगा कि बैटल की लाइन खींची और पार की जाएंऔर दर्शकों की तालियों के साथ कैमरा चालू रहे. इतनी मजबूत और सशक्त कहानी बताने के लिए डिज्नीहॉटस्टार से बेहतर कोई साथी नहीं हो सकता था. हम दर्शकों के लिए इसे लाने के लिए बेहद उत्साहित और उत्सुक हैं और उम्मीद करते हैं कि वे इस सीरीज को एंजॉय करेंगे.

इमरान हाशमी ने भी शो के लिए एक्साइटमेंट जाहिर करते हुए कहा था, इतने लंबे समय तक इंडस्ट्री में रहने के कारण, मैंने इसके अच्छे और बुरे दोनों पक्ष देखे हैं, इसलिए जब यह शो मेरे पास आया, तो मैंने इसका हिस्सा बनने का अवसर जब्त कर लिया. डिज्नीहॉटस्टार और धर्माटिक एंटरटेनमेंट को इंडस्ट्री में सबसे क्वालिटी स्टोरीटेलर में से कुछ के रूप में जा

ना जाता है और उनके साथ सहयोग करना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है. हमने दर्शकों को हमेशा यह जानने के लिए उत्सुक देखा है कि बॉलीवुड के बंद दरवाजों के पीछे क्या चल रहा है और मैं बस इतना कहना चाहता हूं – हमने आप सभी को सुना है! बॉलीवुड की कहानियों में गहराई से उतरने के लिए तैयार हो जाइए!

## रितिक रोशन की फाइटर का नया गाना मिट्टी जारी, विशाल ददलानी ने लगाए सुर

सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म फाइटर शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। यह फिल्म 25 जनवरी को रिलीज हुई थी।फिल्म में पहली बार दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन की जोड़ी बनी है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है।अब निर्माताओं ने फाइटर का नया गाना मिट्टी जारी कर दिया है, जिसे विशाल ददलानी और शेखर रवजियानी ने मिलकर गाया है।इस गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं।



फाइटर में अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर और अक्षय ओबरॉय ने भी अहम भूमिका निभाई है। वॉर और बैंग बैंग के बाद यह ऋतिक और सिद्धार्थ के बीच तीसरी साझेदारी है।

रिपोर्ट के अनुसार, फाइटर ने 7वें दिन को 6.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 140.35 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म में अनिल कपूर और करण सिंह ग्रोवर भी अहम भूमिका में हैं।फाइटर का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है, जिन्होंने पिछली बार शाहरुख खान संग पठान जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दी थी।ऋतिक की फिल्म वॉर और बैंग बैंग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था।

फाइटर के बाद ऋतिक 2019 में आई फिल्म वॉर की दूसरी किस्त वॉर 2 में नजर आएंगे। यह फिल्म इालिए भी खास है, क्योंकि इसके जरिए साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में कदम रखने वाले हैं।इस बार फिल्म के निर्देशन की कमान अयान मुखर्जी को सौंपी गई है।यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की यह फिल्म अगले साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों का रुख करेगी।वॉर 2 यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है।

# परिणीति चोपड़ा का समर्थन न मिलने पर मन्नारा ने तोड़ी चुप्पी, बोलीं– मुझे कोई शिकायत नहीं



मन्नारा चोपड़ा ने बेशक बिग बॉस 17 का खिताब नहीं जीता हो, लेकिन उन्होंने अपने शानदार खेल से दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई है। इस शो में वह दूसरे स्थान पर रहीं।बिग बॉस 17 की यात्रा में मन्नारा को बहन प्रियंका चोपड़ा का समर्थन मिला था, जिसके लिए उन्होंने अभिनेत्री का शुक्रिया अदा भी किया। हालांकि, दूसरी बहन परिणीति चोपड़ा का मन्नारा को कोई साथ नहीं मिला। अब इस मुद्दे पर मन्नारा ने चुप्पी तोड़ी है।परिणीति के समर्थन न करने को लेकर जब मन्नारा से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, मुझे किसी से कोई गिला–शिकवा नहीं है। मेरे परिवार का मुझे बहुत प्यार मिला।उन्होंने आगे कहा, मुझे कल परिणीति का मैसेज आया था। उन्होंने लंबा–चौड़ा संदेश लिख मुझे बधाई दी। मैं भी परिणीति को शुभकामनाएं देना चाहती हूं, क्योंकि उन्होंने हाल ही में जीवन में अपने नए अध्याय की शुरुआत की है। मन्नारा जानी–मानी बॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल हैं। उन्होंने 2014 की फिल्म जिद से बॉलीवुड में कदम रखा था।वह कई दक्षिण भारतीय फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। पिछले साल वह ऑल्ट बालाजी के शो भूतमाते में नजर आई थीं।बिग बॉस 17 में प्रवेश करने के बाद मन्नारा ने साफ कह दिया था कि वह अपनी मशहूर बहनों का नाम इस्तेमाल नहीं करना चाहती हैं।बता दें, परिणीति और प्रियंका दोनों मन्नारा की चचेरी बहने हैं।

# सतीश कौशिक की मचअवेटेड फिल्म मिर्ग का ट्रेलर रिलीज

सतीश कौशिक की फिल्म मिर्ग (रूद्बह्म्द्द) का मचअवेटेड ट्रेलर रिलीज हो गया है. इस ट्रेलर को देखकर साफ है कि फिल्म की कहानी चुनाव के इर्द–गिर्द घूमती नजर दिख रही है. इसमें चुनावी माहौल और जीतने के लिए किस तरह के हथकंडे लोग अपनाते है ये दिखाया गया है. मिर्ग का ये जोरदार ट्रेलर रिलीज होते ही मिनटों में वायरल हो गया.इस फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि राज बब्बर एक राजनेता है. इलेक्शन को जीतने के लिए वो साम दाम दंड भेद की पॉलिसी को अपनाते हैं. फिल्म में अखाड़ा से लेकर जनता के बीच खौफ को बनाए रखने के लिए क्या क्या किया जाता है वो भी दिखाया गया है. मिर्ग में सतीश कौशिक अलग लुक में नजर आए. फिल्म के ट्रेलर में सतीश कभी हाथ में बंदूक पकड़े नजर आए तो कभी ताबड़तोड़ गोलीबारी करते दिखे. इसमें सतीश कौशिक के अलावा कई सितारे नजर आए. जिसमें राज बब्बर, अनूप सोनी, और श्वेताभ सिंह हैं. इस ट्रेलर को फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने रिलीज किया है. इसे शेयर करते हुए लिखा– सतीश कौशिक, राज बब्बर, अनूप सोनी मिर्ग ट्रेलर रिलीज...9 फरवरी एक रिवेंज ड्रामा. सिनेमाघरों में रिलीज होगी. आपको बता दें, निधन से पहले सतीश कौशिक कई फिल्मों की शूटिंग कर रहे थे तो कुछ की शूटिंग पूरी हो गई थी. इसी में से एक फिल्म मिर्ग का ट्रेलर मौत के कई महीनों बाद रिलीज हुआ.सतीश कौशिक का निधन बीते साल 9 मार्च को दिल का दौरा पडने की वजह से हुआ था. सतीश अपने पीछे 10 साल की बेटी वंशिका और वाइफ को छोड़कर गए थे. सतीश कौशिक की निधन की खबर ने उस वक्त सभी को हैरान कर दिया था.



# केट शर्मा सेक्सी आउटफिट पहन दिए किलर पोज, एक्ट्रेस की हाटनेस देख घायल हुए यूजर्स



टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा हमेशा अपनी हॉट और ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही वायरल होने लगता है।एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींच लिया है। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस का दिल तेजी से धड़कनें लगा हैकेट शर्मा बाखूबी जानती हैं कि उन्हें अपने फैंस का दिल कैसे चोरी करना है. आए दिन वे हॉट और सेक्सी तस्वीरों के चलते सुर्खियों में बनी रहती हैं. केट ने ऑफ व्हाइट कलर का सेक्सी आउटफिट पहना है, लाइट मेकअप के साथ बाल खुले रखे हैं और कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज दे रही हैं. एक्ट्रेस के किलर पोज और हॉटनेस देख यूजर्स घायल हो गए हैं और वे कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी की बारिश कर रहे हैं.एक्ट्रेस केट शर्मा आए दिन अपनी ग्लैमरस अदाओं का जलवा फैंस के बीच बिखेर कर इंटरनेट का तापमान बढ़ा देती हैं।वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके बोल्ड लुक को देखकर लोग आहें भरने लगते हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस केट शर्मा की लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही वायरल होने लगी हैं।केट शर्मा जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस के हर एक पोस्ट का फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही ट्रेंड करने लगता है।

